


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 11 जून 2025 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष -41 ■ अंक-074 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 12 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### 2021 बैच के 8 आईपीएस अफसरों का हुआ तबादला

**रायपुर,11 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार ने देर शाम एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 2021 बैच के आठ भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। इन अधिकारियों को अब विभिन्न जिलों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के महत्वपूर्ण पदों पर नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ऑपरेशंस को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, ये आईपीएस अधिकारी अपनी प्रोबेशन अवधि के बाद अब सीधे फील्ड में उतरेंगे और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### पीएम मोदी से मुलाकात के पहले मंत्रियों को भी कराना होगा कोरोना टेस्ट

**नई दिल्ली,11 जून।** देशभर में कोविड के केस लगातार बढ़ते जा रहे हैं. इसी बीच बड़ा फैसला लिया गया है, लिहाजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने से पहले मंत्रियों के लिए भी आरटीपीसीआर (कोविड टेस्ट) अनिवार्य कर दिया गया है. सूत्रों के मुताबिक ये फैसला सावधानी और सुरक्षा के तहत लिया गया है, ताकि किसी भी संभावित संक्रमण से बचा जा सके. दरअसल, बता दें कि कल शाम पीएम मोदी से उनके आधिकारिक आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर विदेश से लौटे डेलिगेशन ने मुलाकात की थी, लिहाजा डेलिगेशन के सदस्यों के लिए भी कोविड-19 टेस्ट अनिवार्य किया गया था. ये कदम सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत उठाया गया था. जानकारी के मुताबिक दिल्ली में बीजेपी के सभी विधायक, सांसद और प्रमुख पदाधिकारी आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एक महत्वपूर्ण बैठक में मुलाकात कर सकते हैं. बताया जा रहा है कि इस बैठक में हिस्सा लेने वाले सभी लोगों को कोविड-19 का टेस्ट कराने का निर्देश दिया गया है. पीएम मोदी के साथ बैठक से पहले सभी को कोरोना की रिपोर्ट पेश करनी होगी.

### एडिशनल पीसीसीएफ संगीता गुप्ता बनी आईएफएस एसोसिएशन की अध्यक्ष

**रायपुर,11 जून।** आईएफएस एसोसियेशन द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार 10 जून 2025 को छत्तीसगढ़ आईएफएस एसोसिएशन के



चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें एडिशनल पीसीसीएफ वित्त, बजट और उत्पादन संगीता गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया। उनके अलावे निम्नानुसार अधिकारियों को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। **उपाध्यक्षः** राजू अगासी मनी, सीएसएफ, रायपुर,**सचिवः** आलोक तिवारी, सीएफ, वाइल्डलाइफ,**संयुक्त सचिवः** गुरु नाथन, डीसीएफ, भूप्रबंधन,**कोषाध्यक्षः** लोकनाथ पटेल, डीएफओ रायपुर,इनके साथ 15 आईएफएस अधिकारियों को कार्यकारी समिति का सदस्य मनोनीत किया गया। इनका कार्यकाल 1 वर्ष का रहेगा। पीसीसीएफ एवं वन बल प्रमुख श्रीनिवास राव, जो आईएफएस एसोसिएशन के संरक्षक भी हैं, के द्वारा सभी पदाधिकारियों को एसोसियेशन के हित में बेहतर काम करने के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

### प्रियंका गांधी को केरल हाईकोर्ट ने तलब किया

**नईदिल्ली,11 जून ।** केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी को केरल हाई कोर्ट ने भाजपा नेता नव्या हरिदास की एक याचिका को लेकर समन किया जारी किया है। याचिका में हरिदास ने नवंबर 2024 में हुए लोकसभा उपचुनाव के नतीजों को चुनौती दी है। उन्होंने गांधी की जीत को अवैध घोषित करने की मांग की है।

# शहीद आकाश की पत्नी को बनाया जा सकता डीएसपी

**रायपुर**

सुकमा जिले में बारूदी सुरंग विस्फोट में जान गंवाने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे की पत्नी स्नेहा को जल्द डीएसपी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी जा सकती है. छनकर आ रही खबरों के मुताबिक मुख्यमंत्री विष्णुदेव इस फैसले पर मुहर लगाने के लिए 12 जून को कैबिनेट की बैठक भी बुला सकते हैं. शहीद आकाश का मंगलवार को राजधानी रायपुर में पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया । आकाश राव के सात वर्षीय पुत्र ने पिता को मुखाग्नि दी, वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत तमाम बड़े नेताओं ने आकाश के पार्थिव देह को कांधा देकर अंतिम विदा दी थी. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने संवेदनशील स्वभाव के लिए जाने जाते हैं, जिस तरह उन्होंने इस दुख की घड़ी में शहीद परिवार के साथ खड़े हुए उससे अंदाजा लगाया जा रहा था कि सरकार जल्द से जल्द इस परिवार के लिए राहत देने वाला कदम उठाएगी. मुख्यमंत्री साय ने शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के शोकसंतप्त परिवारजनों से मुलाकात के दौरान भी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा था कि शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे ने अपने कर्तव्य के प्रति अदम्य साहस, निष्ठा और समर्पण दिखाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमें उन पर गर्व है। सरकार इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ी है। कोंटा में हुई इस नक्सल घटना के बाद सीएम साय ने राजनांदगांव का प्रस्तावित दौरा स्थगित करते हुए मंत्रालय महानदी भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की हाई लेवल बैठक ली थी।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कैबिनेट की बैठक में इस मुद्दे के साथ ही 16 जून को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौर को लेकर चर्चा होगी. सूत्र ये भी बता रहे हैं कि 16 जून को ही गृहमंत्री अमित शाह के हाथों स्नेहा गिरपुंजे को नियुक्ति पत्र दिया जा सकता है.



शहीद को सलामी देतीं पत्नी स्नेहा। शहीद को कांधा देते सीएम व अन्य।



**विष्णुदेव साय सरकार जल्द लगा सकती है मुहर**

# संभावनाओं और सम्मान के रहे मोदी सरकार के 11 साल



**रायपुर 11 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

**मुख्यमंत्री साय ने राजधानी में गिनाई उपलब्धि**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'संकल्प से सिद्धि' अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा का देशभर में संकल्प से सिद्धि अभियान प्रारंभ हुआ गया है। बुधवार को मुख्यमंत्री साय ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए 11 वर्षों की केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताई। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री मोदी ने जहां देश में विकास की नई इबारत गढ़ी है वहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाया है. उन्होने कोरोना काल को याद करते हुए कहा कि पीएम मोदी उस वक्त देश ही नहीं दुनिया के करीब 100 देशों के लिए संकटमोचक की तरह उभरे. पीएम मोदी छत्तीसगढ़ को लेकर हमेशा उदार भाव से फैसला लेते रहे हैं. उन्होंने प्रदेश में सड़क, रेल नेटवर्क के विकास के लिए हजारों करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी है. उन्होने कहा कि पीएम मोदी ने ही हमारे धान किसानों के दो साल का रुका हुआ बोनस देने का बड़ा फैसला लिया था जिससे आज प्रदेश के लाखों किसानों को लाभ पहुंचा है.

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के इन विकासकारी परियोजनाओं से छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति मिलेगी. इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया साथ ही इन योजनाओं में कैसे केन्द्र सरकार की मदद मिल रही है उसका भी जिक्र किया। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी और प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वक्ताओं द्वारा विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल तथा सशक्त भारत सुरक्षित भारत विषयों पर संबोधन होगा।

# 9 लाख अवैध प्रवासी, अमेरिका में मचा बवाल

**वाशिंगटन,11 जून।** दुनिया के धनकुबेरों का अड्डा कहे जाने वाले लॉस एंजिलिस में इन दिनों में विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। इन पर काबू पाने के लिए डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने बड़े पैमाने पर फोर्स तैनात कर दी है। लॉस एंजिलिस काउंटी का इलाका साउथ कैलिफॉर्निया के 4000 वर्ग मील में बसा हुआ है। यहां बड़े पैमाने पर अमेरिका के धनकुबेर रहते हैं तो वहीं टेक सेक्टर समेत कई उद्योगों में काम करने वाले प्रवासी भी रहते हैं। यहां की फैक्ट्रियों से लेकर टेक कंपनियों तक में योगदान देने वाले इन लोगों में ज्यादातर लोग गैर-अमेरिकी हैं। अमेरिका की अर्थव्यवस्था में इनका बड़ा योगदान है तो यहां उनके सपनों को भी पंख लगे हैं। अब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की इन लोगों पर टेढ़ी नजर है और उन्हें अवैध प्रवासी बताते हुए रेड मारी जा रही हैं। इसी के चलते विवाद की स्थिति है और हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतरकर डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। लॉस एंजिलिस शहर में ही हॉलीवुड भी है।

### ट्रंप के कड़े नियमों से बच नहीं पाए खाबी लेम



दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलोअर्स वाले टिकटॉक स्टार खाबी लेम को अमेरिका छोड़ना पड़ा है. लास वेगास में वीजा अवधि से ज्यादा रुकने पर अमेरिकी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में लिया था. आईसीई ने पुष्टि की है कि सेनेगल में जन्मे और इटली के नागरिक खाबी लेम, जिनका पूरा नाम सेरिंगे खाबाने लेम है, शुक्रवार को उन्हें हैरी रीड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हिरासत में लिया गया. लेम 30 अप्रैल को अमेरिका आए थे, लेकिन उन पर वीजा शर्तों के उल्लंघन का आरोप है. हालांकि आईसीई ने उन्हें स्वेच्छा से अमेरिका छोड़ने की अनुमति दी, जिससे उनके खिलाफ औपचारिक निर्वासन (डिपोर्टेशन) का आदेश नहीं जारी किया गया.

# 26 करोड़ के टैक्स फ्रॉड मामले में व्यापारी गिरफ्तार

**रायपुर,11 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

टैक्स चोरी के मामले में रायपुर जीएसटी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है. टीम ने अगस्त्य एंटरप्राइजेज और अग्रवाल एंटरप्राइजेज के संचालक अमन अग्रवाल को गिरफ्तार किया है. व्यापारी ने अलग-अलग फर्म के नाम पर करीब 26 करोड़ की टैक्स चोरी की थी. लोहा कारोबारी अमन अग्रवाल ने प्रदेश के अलग–अलग बोगस फर्म से 2023 से 2025 तक 144 करोड़ की खरीदी की । इसका इनपुट टेक्स क्रेडिट का लाभ लेकर अन्य जिलों के व्यापारियों को पास ऑन कर के करीब 26 करोड़ का लाभ लिया ।



### इन बोगस फर्म के नाम पर हुई खरीदी

हुसैनी इंटरप्राइजेस, धन लक्ष्मी इंटरप्राइजेस, महावीर इंटरप्राइजेस, यूनिक इंटरप्राइजेस, अंसारी ट्रेडर्स, विनायक वेंचर्स, ललित ट्रेडलिंक और अगस्त्या इंटरप्राइजेस के नाम करीब 144 करोड़ की बोगस खरीदी की गई है। इससे शासन को करीब 26 करोड़ की टैक्स हानि पहुंची है ।

### पेपर में मृतक को बताया जिंदा

अमन अग्रवाल ने ऐसे–ऐसे व्यक्तियों के नाम से बोगस फर्म तैयार किया जिनकी मृत्यु 2010 में हो गई थी। लेकिन 2013 और 15 में उससे खरीदी दिखाई गई ।

### स्टेट जीएसटी की पहली गिरफ्तारी

फिलहाल लोहा कारोबारी अमन अग्रवाल को स्टेट जीएसटी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है. यह स्टेट जीएसटी द्वारा की गई पहली गिरफ्तारी है. आरोपी को कल न्यायालय में पेश किया जाएगा.

# सरकारी मेडिकल कॉलेज बनें जनता की पहली पसंद : स्वास्थ्य मंत्री

**रायपुर, 11 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "विकसित भारत 2047" के विजन को साकार करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चिकित्सा और सामुदायिक विकास दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बैठक लेकर मंगलवार को कांकेर जिले में समीक्षा की। मंत्री श्री जायसवाल ने जिले के नांदनमारा स्थित इंदिरा गांधी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित स्वशासी समिति की बैठक लेकर कॉलेज की कार्यप्रणाली, आधारभूत ढांचे और चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री ने साफतौर पर निर्देश दिए कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों को इस रूप में विकसित किया जाए कि वे जनता की पहली पसंद बनें। उन्होंने कहा कि बाह्य रोगी विभाग व अंतःरोगी सेवाओं में संवेदनशीलता और उत्कृष्टता लाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। "जनता को केवल इलाज नहीं, बल्कि सम्मान और संवेदना भी मिले, यही हमारी चिकित्सा व्यवस्था की पहचान होनी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने चिकित्सा अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि विभाग का उद्देश्य सिर्फ उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना ही नहीं है, अपितु आमजनता के प्रति संवेदनशीलता और उन्हें सम्मान भी मिले। स्वास्थ्य मंत्री ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री अमित कटारिया ने कॉलेज में पारदर्शिता, डिजिटल उपस्थिति प्रणाली, स्टाफ की नियमित नियुक्ति और उत्तरदायित्व तय करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग की आयुक्त श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी, सांसद श्री भोजराज नाग, कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम, मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष श्री भरत मटियारा, हस्तशिल्प बोर्ड अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत एवं अधिष्ठाता डॉ. खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि, मेडिकल कॉलेज के स्टॉफ उपस्थित रहे।

# लालू का आज 78वां जन्मदिन, राबड़ी आवास पर जश्न का माहौल

**पटना,11 जून।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का आज 78वां जन्मदिन है. पार्टी कार्यकर्ता से लेकर समर्थक तक पूरे राज्य में जन्मदिन का जश्न मना रहे हैं. लालू यादव ने आधी रात को केक काटकर जन्मदिन की शुरुआत की. इस खास मौके पर आरजेडी नेता और कार्यकर्ताओं का पूर्व सीएम राबड़ी देवी के 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास पर तांता लगा रहा. सभी ने लालू को जन्मदिन की बधाइयां दीं. राजद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार 78 तरह के फलों का टोकरा लेकर लालू यादव को शुभकामनाएं देने पहुंचे. साथ ही, कार्यकर्ताओं की ओर से लाया गया 78 किलो का लड्डू भी खास आकर्षण रहा, जिसे लालू यादव ने पारंपरिक अंदाज में तलवार से काटा.राबड़ी आवास के बाहर सुबह से ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ जमा रही. ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच लोग नाचते-गाते दिखे. वीडियो में देखा गया कि कई कार्यकर्ता लालू यादव की तस्वीरें और पोस्टर लिए हुए थे. कुछ मिठाइयों और केक के डिब्बे लेकर पहुंचे थे तो कुछ हाथों में तलवारें लहराते हुए जश्न मना रहे थे. आरजेडी इस दिन को 'सामाजिक सद्भावना दिवस' के रूप में मना रही है. पार्टी के प्रदेश कार्यालय में भी आज 78 पौंड (35 किलो से ज्यादा) का केक काटा जाएगा. लालू यादव के जन्मदिन पर ना सिर्फ पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दीं, बल्कि कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियों ने भी उन्हें बधाई दी. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, "बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव जी को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं. हमारे बीच का रिश्ता सिर्फ राजनीति तक सीमित नहीं रहा- यह एक गहरा मानवीय जुड़ाव रहा है, जो समान मूल्यों और सामाजिक न्याय के संघर्ष पर आधारित है. आपका जीवन संघर्षों से भरा रहा है, लेकिन आपने हमेशा मजबूती और हौसले के साथ उन लोगों की आवाज उठाई है, जिन्हें अक्सर अनसुना कर दिया जाता है. आज आपके जन्मदिन पर मैं आपके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करता हूं." राबड़ी आवास पर जश्न का माहौल लगातार जारी है. पार्टी के कार्यकर्ता इस दिन को सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में मना रहे हैं.



# लक्ष्मण सिंह 6 साल के लिए निष्कासित

**भोपाला,11 जून।** कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के भाई और मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह के खिलाफ बड़ा ऐक्शन लिया है। उन्होंने पार्टी विरोधी गतिविधियों के मामले में छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। इससे पहले पार्टी उन्हें कारण बताओं नोटिस भी जारी कर चुकी है। मामला राहुल गांधी समेत पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी से जुड़ा है। पार्टी ने कहा था कि राहुल गांधी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को निशाना बनाकर की गई लक्ष्मण सिंह की अपमानजनक टिप्पणी ने सारी हदें पार कर दी हैं। नोटिस में कहा गया कि उनकी टिप्पणी ने पार्टी की छवि और गरिमा को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। लक्ष्मण सिंह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद 25 अप्रैल को पार्टी नेतृत्व पर हमला बोला था। उन्होंने पहलगाम पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित एक शोक सभा के दौरान कहा था, राहुल गांधी और रॉबर्ट वाड्रा बहुत नादान हैं। देश उनकी अपरिपक्वता के परिणामों को भुगत रहा है। लक्ष्ण सिंह को पार्टी की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति

# दूध की रखवाली के लिए बिल्ली को रखा गया : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली,11जून। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) द्वारा पाकिस्तान को आतंकवाद निरोधक पैनल का उपाध्यक्ष नियुक्त करने के फैसले पर आपत्ति जताई। सिंह ने कहा कि यह फैसला बिल्ली को दूध की रखवाली करने जैसा है क्योंकि पाकिस्तान का आतंकवादियों को संरक्षण देने और उनका समर्थन करने का इतिहास रहा है। यूएनएससी के फैसले पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि आतंकवाद निरोधक पैनल का गठन 9/11 के आतंकी हमलों के बाद किया गया था। पाकिस्तान ने 9/11 के हमलों के मास्टरमाइंड को पनाह दी थी। इसकी भूमि का इस्तेमाल वैश्विक आतंकवादी संगठनों के लिए शरणस्थली के रूप में किया गया है।



# शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन में बार-बार आ रही बाधा

**नई दिल्ली,11 जून।** ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का एक्स-4 (Axiom 04) मिशन, जो 8 जून, 10 जून और 11 जून को टाला जा चुका है. लॉन्च की अगली तारीख अब स्पेसएक्स की टीम बताएगी. पहले मौसम वजह बना, फिर एलओएक्स लीकेज. जिसकी वजह से बार-बार देरी का सामना कर रहा है. आइए समझते हैं कि एलओएक्स क्या है? क्यों लीक होता है? इसका उपयोग क्या है? एलओएक्स का मतलब लिक्विड ऑक्सीजन है. यह ऑक्सीजन का एक रूप है, जो बहुत कम तापमान (-183 डिग्री सेल्सियस) पर तरल अवस्था में होता है. अंतरिक्ष मिशनों में एलओएक्सरॉकेट इंजनों को चलाने के लिए ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जाता है. यह ऑक्सीजन प्रदान करता है, जो रॉकेट के ईंधन (जैसे केरोसिन या हाइड्रोजन) को जलाने के लिए जरूरी है.

एलओएक्स का मुख्य उपयोग रॉकेट इंजनों में ऑक्सीडाइजर के रूप में होता है. जब रॉकेट लॉन्च होता है, तो एलओएक्सऔर ईंधन को मिलाकर जलाया जाता है, जिससे बहुत ज्यादा ऊर्जा पैदा होती है. रॉकेट ऊपर उठता है. एलओएक्सके बिना रॉकेट इंजन काम नहीं कर सकते, क्योंकि ऑक्सीजन की जरूरत होती है ईंधन को जलाने के लिए.




**फाल्कन 9 रॉकेटः** स्पेसएक्स का फाल्कन 9 रॉकेट एलओएक्स और आरपी1 (रिफाइंड पेट्रोलियम) का इस्तेमाल करता है.

**स्पेस शटलः** नासा के स्पेस शटल्स एलओएक्स और हाइड्रोजन का इस्तेमाल करते थे.

### एलओएक्स लीकेज की कई वजहें हो सकती हैं...

**तापमान का अंतरः** एलओएक्स बहुत ठंडा होता है (-183 डिग्री सेल्सियस), और जब इसे स्टोर या ट्रांसपोर्ट किया जाता है, तो पाइप्स या टैंकों में तापमान का अंतर लीकेज का कारण बन सकता है.

**मैकेनिकल फेल्योरः** पाइप्स, वॉल्व्स या सील्स में खराबी के कारण लीकेज हो सकता है.

**वाइब्रेशन और प्रेशरः** रॉकेट लॉन्च के दौरान वाइब्रेशन और प्रेशर के कारण लीकेज हो सकता है.

**कॉरोशनः** लंबे समय तक इस्तेमाल से पाइप्स या टैंकों में जंग लग सकता है, जो लीकेज का कारण बनता है.

**मानव त्रुटिः** इंस्टॉलेशन या मेंटेनेंस के दौरान गलतियां भी लीकेज का कारण हो सकती हैं.एक्स-4 मिशन में एलओएक्स लीकेज की समस्या 11 जून 2025 को सामने आई.

## एक नजर

### ट्रेवल एजेंसी के संचालक से लाखों की ठगी

**भिलाई, 11 जून।** भिलाई स्मृति नगर चौकी अतंर्गत टूर एंड ट्रेवल एजेंसी की संचालक को दंपत्ती ने लोट्स ट्रेवल की फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा देकर बातों में फंसा लिया। इस बीच उसे अलग- अलग स्कीमों में अधिक लाभ देने का लालच देकर 45 लाख रुपए की रकम ऐंठ ली। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में धारा 420,120बी के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि गांधी नगर स्मीत नगर निवासी टीवी.जय प्रदीप टूर एण्ड ट्रेवल्स के नाम से एजेंसी चलाता है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि लोट्स ट्रेवल फ्री का ऑफिस सूर्या ट्रेसर आईलैंड मॉल जुनवानी भिलाई में था। लोट्स ट्रेवल फ्री के संचालक नागेश कुमार एवं उसकी पत्नी श्रीमती आरती ने लोगों को बताया कि इनके लोट्स ट्रेवल फ्री में दुबई, गोवा, थाईलैण्ड का टूर कराते हैं। तब प्रार्थी नागेश कुमार से सूर्या मॉल स्थित ऑफिस में जाकर संपर्क किया। उन्होंने प्रार्थी को बताया कि टूर एण्ड ट्रेव्लर्स में टूर करने पर एक टूर फ्री या टूर नहीं करने के बदले में कैश बैक देने की योजना की जानकारी दी। उनके बातों से प्रभावित होकर 6 जून 2022 को अपने कांटीनेंटल टूर एण्ड ट्रेव्लर्स में फ्रेन्चाईसी देने की बात बोलने पर उनके बातों में आकर 15 लाख रुपए आरटीजीएस कर दिया। इसके बाद आरोपी नागेश कुमारधारा एवं उसकी पत्नी आरती ने उसे प्रलोभित करने के लिए एक लाख रुपए का टूर एण्ड ट्रेव्लर्स स्कीम के तहत एक माह का लाभांश दिया। इस बीच उसने दोनों से अक्टूबर 2022 में एक एग्रीमेंट किया। इसके बाद आरोपी दंपत्ति के खाते में 30 लाख रुपए की रकम ट्रांसफर कर दी। आरोपियों के पास कुल 45 लाख रुपए की रकम पहुंचने पर दोनों सूर्या मॉल में सोला ऑफिस बंद करके भाग गए। आरोपी दंपत्ती की तलाश के दौरान पता चला कि उन्होंने उसके अलावा विवेक विश्वकर्मा और राम किशोर सिंह से अलग-अलग 10 लाख 40 हजार रुपए, इन्द्रजीत गुलाटी से 2 लाख एवं इन्द्रजीत कौर से 16 लाख रुपए स्कीम का झांसा देकर ट्रांसफर कराए। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि दोनों आरोपी के खिलाफ बालोद में मामला दर्ज है नागेश बालोद जेल में बंद है और उसकी पत्नी दुर्ग जेल में बंद है फिलहाल सुपेला पुलिस न्यायालय के समक्ष पेश होकर उनकी गिरफ्तारी करेगी

### धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 11 जून।** भिलाई म्यूल खाता का उपयोग कर धोखाधड़ी करने वाले एक और आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है पूर्व में दो आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है सुपेला पुलिस ने बताया कि थाना सुपेला के धारा 317;2द्धए 318 ;4द्धए 61 ;2द्ध बीएनएस में पूर्व में दो आरोपियों प्रशांत विश्वकर्मा एवं मोंटू कुमार को 25 मई को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपी प्रशांत विश्वकर्मा द्वारा गोलू देवांगन तथा मोन्टू कुमार राम साव को अपना खाता ठगी की रकम प्राप्त करने के लिए संचालित किए जाने के लिए देना पाया गया था। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपियों से जब्त सीम का परीक्षण कर आरोपी वीरेंद्र देवांगन उर्फ गोलू 33 वर्ष निवासी उरला दुर्ग को गिरफ्तार किया है ।

### शिविर में 28 दिव्यांगों का पंजीयन किया गया

**दुर्ग, 10 जून ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिले में निवासरत ऐसे दिव्यांगजन जिन्होंने अभी तक दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बनवाया था तथा ऐसे दिव्यांगजन जिसका प्रमाण पत्र बना हुआ है किंतु उक्त प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी हैए के लिए उनकी सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला कार्यालय समाज कार्यालय विभाग दुर्ग एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग के समन्वय से 10 जून 2025 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पंचायत अंजोरा ;खद्ध विकासखण्ड दुर्ग में दिव्यांगजन प्रमाणीकरणध्चिन्हांकन ध् मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया।उप संचालक समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी अनुसार आयोजित शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से कुल 28 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया तथा उपस्थित दिव्यांगजनों का परीक्षण जिला चिकित्सालय दुर्ग के चिकित्सक अस्थिबाधित विशेषज्ञ डा. आरके, नायक नेत्र बाधित विशेषज्ञ डॉण् बीएनण् वाहने तथा श्रवण बाधित विशेषज्ञ डा.रेणु तिवारी द्वारा परीक्षण किया गया। शिविर में सुश्री प्रिया साहू, जिला पंचायत सदस्य एवं ग्राम पंचायत अंजोरा सरपंच संतोष सारथी उपस्थित रहे। साथ ही क्षेत्र के जनपद पंचायत सदस्य श्री किशोरी देशमुख एवं श्रीमती संगीता माखन साहू तथा उपसंचालक समाज कल्याण के शिविर प्रभारी श्री जंतराम ठाकुर व अन्य पंचगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

# तंत्र विद्या से मारने की धमकी देने वाला शातिर गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 11 जून।** भिलाई गृह एवं कुण्डली में दोष का डर दिखाकर निको कंपनी की लेखा अधिकारी से हरियाणा के रहने वाले तथाकथित सिद्ध गुरु ने ग्रहशांति करने महापूजा के नाम पर 36 लाख से ज्यादा की रकम ऐंठ ली। इससे भी उसका मन नहीं भरा तो उसका मकान हड़पने महिला को परेशान करने लगा। इसी बीच एक दिन आरोपी पंडित महिला को तंत्र विद्या से मार डालने की धमकी देने लगा और उसके घर तक पहुंच गया जिसके बाद पीड़ित महिला ने सुपेला थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है इधर इस मामले की गंभीरता को देखकर सुपेला पुलिस ने तथाकथित सिद्ध गुरु कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि पल्लवी जायसवाल 46 वर्ष निवासी निवासी फ्लैट नंबर 120ए द्वितीय तल सीएचपीएल शिखर अपार्टमेंट पार्टमेंट जुनवानी मेसर्स जायसवाल निको लिमिटेड सिलतरा रायपुर छग में वरिष्ठ लेखा अधिकारी के पद पर कार्यरत है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह वर्ष 2022 में कालीबाड़ी मंदिर नेहरू नगर के पुजारी को अपनी जन्म कुंडली दिखाकर अपने स्वास्थ्य एवं रोजगार के बारे में चर्चा की थी। तब पुजारी ने कुंडली मे काफी दोष होना बताकर ग्रहों को शांत कराने के लिए पूजा करवाने बताकर अपने गुरु कुलदीप महाराज के भिलाई आने पर उनसे मुलाकात कराने कहा था जनवरी वर्ष 2023 में पुजारी ने प्रार्थिया को पंडित कुलदीप महाराज से मिलवाया। उन्होंने प्रार्थिया की कुंडली में ग्रहों की स्थिति ठीक नहीं होना और जान का खतरा बताकर प्रार्थिया के फ्लैट का अवलोकन किया तथा घर में भी बाधा होने की बात बताई तथा स्वयं को सिद्ध पंडित व योगाचार्य होना बताकर शीघ्र पूजन सामग्री की व्यवस्था एवं दक्षिणा प्रार्थिया को डराकर खाते में डलवाया रकम पुलिस सुपेला ने बताया कि प्रार्थिया ने 18 जनवरी 2023 को कुलदीप महाराज के बताए बैंक खाता नंबर पर 17000 रुपए जमा किया। प्रार्थिया को पंडित कुलदीप गुरु ने ग्रहों का व अनिष्ट होने का डर दिखाकर 18 जनवरी 2023 से 8 अप्रैल 2025 तक कुल 36.66.000 रुपए का भुगतान प्रार्थिवा ने अपने बैंक क्रमशः आईडीबीआई बैंक के खाता नंबर एवं बैंक ऑफबड़ौदा के बैंक खाता नंबर व एचडीएफसी बैंक के खाता नंबर से कुलदीप गुरु के बताए अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा के खाता नंबर व कर्नाटक बैंक रोहतक के खाता में भुगतान कर दिया गया। इसके बाद पंडित कुलदीप गुरु प्रार्थिया के सीएचपीएल शिखर अपार्टमेंट जुनवानी स्थित मकान को भी स्वयं के नाम पर पंजीयन नहीं कराने पर तंत्र विद्या से जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थिया को डराने की रिपोर्ट पर मामले में धारा 318.4ए 308 .2 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को कुलदीप उर्फ कालू 35 वर्ष निवासी ग्राम रीटोली थाना शिवजी जिला रोहतक हरियाणा से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक कार ग्रैंड 10 स्पोर्ट्स सिल्वरए एक वीवो कंपनी का मोबाइलए एक टेकनो केमन कंपनी का मोबाइलए एक्यूप्रेशर मशीनए बैनर पोस्टरए प्रचार पसार के विभिन्न दवाई जड़ी बूटी पूजन सामग्री बरामद किया गया है।

# युवा चरित्र निर्माण शिविर में दिया गया कई तरह का प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,11 जून।** दिनांक 03 जून से 9 जून धरा संरक्षण सेवा संस्थान, कवर्धा के द्वारा युवक चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला बेंदरची, तहसील- बोड़ला जिला कबीरधाम में किया गया। जिसमें युवको की शारीरिक व आध्यात्मिक उन्नति हेतु योगासान, प्राणायाम, ध्यान, कराटे, रस्सा, कलारी पटटू, अस्त्र-शस्त्र, लाठी, भाला, तलवार चलाना आदि का प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही उतम संस्कार हेतु सनातन-वैदिक सिद्धान्तों का परिज्ञान कराया गया। ततपश्चात् शिविर में प्रशिक्षण किये गये प्रशिक्षार्थियों का प्रदर्शन शोभायात्रा के माध्यम से दिनांक 08 जून 2025 को सायंकाल 04:00 बजे से नगर में शोभायात्रा एवं प्रशिक्षार्थियों का प्रदर्शन का कार्यक्रम मॉ महामाया मंदिर (अम्बेंडर चौक), बस स्टैण्ड से होते हुए गुरुनानक चौक तक रखा गया । इसके पश्चात अगले दिन दिनांक 09 जून 2025 को प्रातः 07:00 बजे से शासकीय प्राथमिक शाला बेंदरची, तहसील- बोड़ला



जिला कबीरधाम में ग्यारह कुण्डीय विश्वशान्ति महायज्ञ,समापन समारोह,वार्षिकोत्सव एवं विशाल भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें काशी विश्वनाथ गुरुकुल,मंडला (मध्य प्रदेश) से आए हुए आचार्यो एवं ब्रह्मचारीयो और माननीय बिशेश्वर पटेल अध्यक्ष,गौ सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ शासन एवं सरपंच,ग्राम पंचायत और पंचों का और समस्त ग्रामवाशी एवं संस्था प्रमुख रामशरण यादव जी, अध्यक्ष, श्री डेविड खत्री , वैभव श्रीवास , भजराम पाटिल एवं मोहित सिन्हा जी इस विशाल कार्यक्रम में उपस्थित हुए। साथ ही इस कार्यक्रम का सफल आयोजन धरा संरक्षण सेवा संस्थान ,कवर्धा द्वारा कराया गया।

### शिविर में दिव्यांगजनों का किया गया पंजीयन

**भिलाई, 11 जून।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिले में निवासरत ऐसे दिव्यांगजन जिन्होंने अभी तक दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बनवाया था तथा ऐसे



दिव्यांगजन जिसका प्रमाण पत्र बना हुआ है किन्तु उक्त प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी है, के लिये उनकी सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये 10 जून को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पंचायत अंजोरा (ख) में दिव्यांगजन प्रमाणीकरण/चिन्हाकंन / मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया।

### एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**भिलाई, 11 जून।** एनसीसी का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई में रविवार से प्रारंभ हुआ। कैंप कमाण्डेंट कर्नल प्रेमजीत द्वारा शिविर के ओपनिंग एड्रेस में अपने उद्बोधन से इनका उत्साह दोगुना कर दिया। ओपनिंग एड्रेस के बाद बालक कैडेटों के सीनियर सत्यम कुमार गजपाल तथा बालिका कैडेटों की सीनियर अपेक्षा सिदार को कैंप सीनियर का रैंक कैंप कमांडेंट द्वारा प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में डिप्टी कैंप कमांडेंट प्रशासनिक अधिकारी 3 सीजी एयर एनसीसी, रायपुर स्क्वार्डन लीडर मोहम्मद जर्रार ,सूबेदार मेजर थानेश्वर गुरुंग, सूबेदार अमरीक सिंह, सूबेदार विकास खत्री, सूबेदार एस0 आर0 कुजूर, सूबेदार के0सी0 बेहरा, कैम्प एजुडेंट सी0 के0 साहू, क्वार्टर मास्टर कैप्टन संतोष मिश्रा, चीफ ऑफिसर ए0 के0 सिंह, सेकंड ऑफिसर, प्रदीप रामटेक, थर्ड ऑफिसर पूजा अवस्थी सहित कुल 13 एनसीसी अधिकारी व 12 पी0आई0 अफसर उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ले0 निलेश तिवारी व ले0 डॉ0 हरीश कुमार कश्यप ने दी।

### घरों की सजावट करने वाली दुकानों से लिया जुर्माना

**रिसाली।** घरों में साज-सज्जा का काम करने वाले व्यापारी से नगर पालिक निगम रिसाली ने जुर्माना वसूला है। दरअसल दो व्यापारी सड़क किनारे दुकान से निकलने वाले कचरे को फेंक गंदगी फैला रहे थे। निगम कर्मचारी दोनों दुकानदार को पूर्व में भी चेतावनी दी थी। कृष्णा टॉकिज रोड पर सुबह और देर रात सफाई कराने के बाद नहर के आस-पास हर रोज गंदगी फैलाने वाले के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की गई। पहले निगम ने कचरा के किस्म की पहचान की। इसके बाद संबंधित दुकान की तलाश की। जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में ही बालाजी प्लाई-हार्डवेयर, फोम के संचालक ने कचरा फेकना स्वीकार किया। इसी तरह केशवानी टाइल्स ने भी डस्ट सड़क किनारे डालने की बात कही। दोनों व्यापारियों से दो-दो हजार रु का जुर्माना वसूला गया।



# ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण

**दुर्ग, 11 जून ।** बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान हैए जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। आरसेटी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक.युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आत्म.उत्पादकताए सशक्तिकरणए कौशल विकासए उद्यमिताए बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान किया जाता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संस्थान द्वारा दुर्गए बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक.युवतियों को निःशुल्क आवासीय ;भोजन व्यवस्था के साथद्ध प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण हेतु ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 वर्ष के युवकध्युवतियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवश्यक दस्तावेज आधार कार्डए राशन कार्डए नरेगा जॉब कार्डए पासपोर्ट फोटोए मार्कशीट की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।निदेशक बैंक ऑफ ब?ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान से प्राप्त जानकारी अनुसार 12 जून 2025 से कम्प्यूटर हार्डवेयर नेटवर्किंग ;45 दिनद्धए 18 जून 2025 से मोबाईल रिपेयरिंग ;30 दिनद्ध तथा 23 जून 2025 से फोटोग्राफी एवं विडिओग्राफी ;31 दिनद्ध प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### सहायक कलेक्टर दुर्ग को सौंपा गया जनपद पंचायत पाटन का स्वतंत्र प्रभार

**दुर्ग।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी श्री पठारे अभिजीत बबन ;भाण्प्रण्सेण्द्ध सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु सीईओ जनपद पंचायत पाटन का स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। कार्यालय कलेक्टर दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार सहायक कलेक्टर श्री पठारे अभिजीत बब जुलाई 2025 तक चार सप्ताह की अवधि के लिए सीईओ जनपद पंचायत पाटन के साथ प्रशिक्षण अभ्यास हेतु संलग्न किया गया है।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 13 जून को

**दुर्ग, 10 जून ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 13 जून 2025 को प्रातः 10ण्30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट केम्प में एमध्एस पलक ट्रेडिंग के कुल 49 रिक्त पदों हेतु भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी। जिसमें सोलर सिस्टम इंटीजिरेटर के 20 पदए मैकेनिकल इंजीनियर के 02 पदए सोलर सिस्टम इंस्टॉलेशन के 15 पदए हेल्पर के 10 पद तथा ऑटोकैड सॉफ्टवेयर ऑपरेटर के 02 पद हैं। उक्त सभी पदों हेतु वेतन 10000 रूपए वीं 12वीं एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यता धारी आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकतें है।

### सेल को अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर टियर की मान्यता



**भिलाई, 11 जून।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय, नई दिल्ली ने 9 जून को अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर (एईओ) - टियर- की मान्यता प्रदान की है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा शुरू किया गया एईओ कार्यक्रम, वैश्विक व्यापार को सुगम बनाने और एक सुरक्षित व्यापारिक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उन कंपनियों को लाभ प्रदान करता है जो कड़ी आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों और सीबीआइसी के कानूनों के अनुपालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती हैं। यह प्रमाणन दुनिया भर में स्वीकार्य है और यह किसी भी संगठन के लिए अनुपालन, सत्यनिष्ठा और आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा के प्रति उसकी निष्ठा का प्रमाण है। सेल के कार्यकारी निदेशक ने 9 जून को अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क निदेशालय, नई दिल्ली के प्रधान आयुक्त से यह महत्वपूर्ण प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

# महिला आयोग ने उत्पीड़न के मामलों की सुनवाई की



**भिलाई, 11 जून।** छत्तीसग राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉण् किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती ओजस्वी मंडावी ने महिला उत्पी?न से जु? मामलों की जनसुनवाई की जिसमें 30 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। एक मामला सीआरपीएफ में पदस्थ आरक्षक से जु?ा थाए जिसके विरुद्ध गंभीर आरोप सामने आए। आरोप है कि अनावेदक ने अपनी पत्नी को गर्भावस्था के दौरान घर से निकाल दिया और बच्चे के जन्म के बाद भी न तो पत्नी से मिलने गया और न ही नवजात को देखने आया। साथ हीए महिला और उसके परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिए। महिला आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अगली सुनवाई 25 जून को दंतेवाड़ा कैंप में तय की है और इसके पश्चात यह प्रकरण रायपुर कार्यालय में स्थानांतरित किया जाएगा। एक अन्य मामले में वृद्ध सास.ससुर ;उम्र 87 और 80 वर्षद्ध के खिलाफ उनकी बहू द्वारा लगातार झूठे आरोप लगाकर उन्हें मानसिक रूप से प्रता?ित करने की शिकायत पर आयोग ने गंभीर टिप्पणी की। जांच में पाया गया कि बहू संपत्ति के लिए परेशान कर रही है और पहले भी उच्च न्यायालय से मामला हार चुकी है। इस पर आयोग ने प्रकरण को निराधार मानते हुए नस्तीबद्ध कर दिया। एक मामले में स्कूल शिक्षक द्वारा महीने में केवल एक बार उपस्थिति दर्ज कराने आता था और म्यूजिक टीचर के रूप में बाहर काम करता था।

कार्य में लापरवाही के आरोप में जांच के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही स्कूल में अपनी पत्नी को लेकर आता था। आरोपी शिक्षक का पक्ष दर्ज किया गया और दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर अगली सुनवाई रायपुर में तय की गई है।

### चंदैनी गोंदा के कलाकारों ने खुमान साव की सांगीतिक यात्रा को किया याद

**भिलाई, 11 जून।** चंदैनी गोंदा के कलाकारों द्वारा खुमान साव जयंती के अवसर पर संस्था के कलाकारों ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कुटेलाभांठा में आयोजित की। मुख्य अतिथि के रूप में मंदराजी सम्मान से सम्मानित लोक गायक कुलेश्वर ताम्रकार थे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार जोगी राम वर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में संस्था के संरक्षक डॉ दीनदयाल साहू तथा भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुंदरलाल साहू थे। कुलेश्वर ताम्रकार ने चंदैनी गोंदा में अपने जीवन के शुरुआती दौर में गुजारे अनुभव को विस्तार से साझा किए। इसके बाद खुमान साव के सांगीतिक निर्देशन में बने गीतों में देवार गीत, छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना, गणेश वंदना प्रस्तुत भी किए। जोगीराम वर्मा ने खुमान साव के साथ बिताए अनुभवों को साझा किए, संस्था के क्रियाकलापों पर कविता प्रस्तुत किए। संरक्षक डा दीनदयाल साहू ने कलाकारों को अच्छी प्रस्तुति के लिए सतत प्रयासरत रहते एकजुटता बनाए रखने की बात की।

# नेशनल चैम्पियनशिप में भाग लेने छत्तीसगढ़ की टीम दिल्ली रवाना

**भिलाई, 11 जून।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 12, 13 एवं 14 जून को नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 12वीं नेशनल गतका चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए सब जूनियर, जूनियर और सीनियर छत्तीसगढ़ की 91 सदस्यीय गतका टीमें उधमपुर एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना हुई। छत्तीसगढ़ टीम के दल प्रबंधक कल्पना स्वामी, मैनेजर रोहिणी धीमान, आरती शुक्ला, संध्या शर्मा, कोच वेदराम साहू, दीपांकर मिर्जा, गुरप्रीत सिंह,



राजविंदर कौर हैं। एसोसिएशन के महासचिव जसवन्त सिंघ खालसा टीम के साथ होंगे। जसवन्त सिंघ ने बताया कि न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनजीएआई) से संबद्ध है। अध्यक्ष इंदरजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में हमारा मकसद राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करके मैडम हासिल करना है। एसोसिएशन गतका खेल को बढ़ावा दे रहा है और राज्य में नियमित रूप से गतका टूर्नामेंट और प्रशिक्षण/कोचिंग गतिविधियों का आयोजन कर रहा है। राज्य के लड़के और लड़कियां एसोसिएशन के तत्वाधान में वर्तमान में सैकड़ों गतका खिलाड़ी विभिन्न जिलों में गतका खेल का अभ्यास कर रहे हैं। दिल्ली नेशनल में टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह छोटू, मलकीत सिंह लल्लू, रंजीत सिंह, सिक्ख पंचायत के चैयरमैन जसबीर सिंह चहल, पलविंदर सिंघ, गुरनाम सिंघ, बलदेव सिंह, गुरमीत सिंघ, बलजिंदर सिंघ कलेर, सिक्ख यूथ फोरम के अध्यक्ष सुच्चा सिंघ, चैयरमैन कुलवंत कौर, विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारियों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दीं।

### तेलहा नाला से छावनी चौक तक गाड़ियों के जमावड़े से हो रही आए दिन दुर्घटनाएं



**भिलाई, 11 जून।** शिव सेना के राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नन्दिनी रोड तेल्हा नाला पुलिया के दोनों ओर गलत तरीके ट्रक-ट्रेलर खड़ी किये जा रहे हैं। छावनी चौक कुसुम पेट्रोल पंप के सामने सड़क पर बड़ी गाड़ियों का जमावड़ा रहता है और सुखपाल धर्मकांटा के सामने भी सड़क पर गलत ढंग से वाहन खड़ी की जा रही हैं। यहाँ पर काफी भीड़भाड़ होने के कारण राहगीरों को आवागमन करने में बहुत ही दिक्कत परेशानियाँ हो रही हैं। दुर्घटना का खतरा बना रहता है। यहाँ टर्निंग पर ही बड़ी ट्रकें, गाड़ियां खड़ी रहने से पेट्रोल पंप से निकलते ही सामने सड़क पर वाहनों के जमावड़े से नन्दिनी रोड़ से गुजरने वाली टू व्हीलर फोर व्हीलर चालक हड़बड़ाकर डिवाइडर से टकरा रहे हैं। सप्ताह भर पूर्व ही रात के समय सुखपाल धर्म कांटा सामने बने डिवाइडर में कार घुस कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक को भी चोट लग गयी थी। नन्दिनी रोड़ में वाहनों से ठोकर लगने से कई जगह डिवाइडर टूटकर क्षतिग्रस्त होकर मलवा सड़क के बीचों बीच पड़ा हुआ है। यहाँ पर अंधेरा होने के कारण आये दिन एक्सीडेंट भी हो रहा है।

### स्वास्थ्य जागरूकता पर कार्यशाला 13 को

**भिलाई, 11 जून ।** भारतीय श्रम सहकारी समिति नई दिल्ली के तत्वाधान में सहकारिता के क्षेत्र में रोजगार उन्नयन हेतु इंडियन हेल्थ केयर पर शुक्रवार 13 जून को केन्द्रीय सहकारी बैंक दुर्ग के सभागार में प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक आयोजित किया गया है। अंचल के युवाओं को यह प्रशिक्षण भारतीय स्वास्थ्य सुरक्षा, नई दिल्ली द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षित युवाओं को भारतीय गुणवत्ता परिषद् नई दिल्ली द्वारा प्रमाण पत्र दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के निर्देश पर सहकारिता के क्षेत्र में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में युवाओं को जागरूक करने यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। एक माह पूर्व ही भारतीय श्रम सहकारी समिति नई दिल्ली के अध्यक्ष लखन लाल साहू के निर्देश पर युवाओं को उद्योगों की जांच एवं उन्हें क्यूसीआई (भारतीय गुणवत्ता परिषद् नई दिल्ली) द्वारा प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यहां आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला कि स्वास्थय के क्षेत्र में विशेषज्ञ न केवल जानकारी प्रदान करेंगे ।

# किसानों की फसल के तीन दुश्मन बंदर, बरहा और आवारा पशु

**उतई, 11 जून।** आधुनिक युग आ गया है ।किसान नौकरीपेशा राजनेता ग्रामीण सभी का विकास तेजी से हो रहा है ।और इसी विकास क्रम को समेटे आगे बढ़ रहे है लेकिन आने वाला भविष्य क्या कहता है इस बात से सभी अनजान है या जान बूझकर चुप बैठे हुए है कि हमें क्या करना है ।यह हमारी चिंता नहीं है ।एक समय ऐसा भी आयेगा कि लोगों के पास रुपये तो बहुत होगें लेकिन खाने के लिए आधी से अधिक आबादी के पास अनाज के दाने नहीं मिलेंगे ।राष्ट्रीय आकडे यह कहते है कि प्रतिवर्ष कृषि का रकबा घट रहा है ।और इन रकबो पर विकास के कार्य हो रहे है । जनसंख्या बढ़ रहा है ।इसलिए वह दिन दूर नहीं जब हम भौतिक संसाधनों का समुचित विकास करेंगे लेकिन कृषि उत्पादों के मामले में गरीब हो जायेंगे । वर्तमान छत्तीसगढ सरकार को इस ओर ध्यान देकर वास्तविक धरातल में लागु करना चाहिए ।ताकि किसानों को





सहुलियत मिले। ।सरकार किसान के धान को समर्थन मुल्य व बोनस के रुप अतिरिक्त दाम देकर 3100 रुपये प्रति क्विंटल खरीदना बहुत महत्वपूर्ण है ।ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश ग्रामीण किसान है और कृषि उत्पादों में ही उनका गुजर बसर चलता है लेकिन नित नये नये विकास ने कृषि रकबा को कम करने का कार्य किया है जो किसान खेती कर रहे है उसके लिए खेती भी दुष्कर कार्य हो गया है ।दुर्ग जिले सहित उनके सभी ब्लाको में निवास करने वाले किसानों के लिए घुमन्तु पशुओं के कारण फसल उत्पादन करना बहुत ही कठिन कार्य हो गया है । सैकड़ों की संख्या में घुमन्तु जानवरों के खेतों में पहुंचने से फसल एक घंटे में चर लिए जाते है ।किसान दिन में फसल की रखवाली करता है तो आवारा जानवर रात में फसल को नुकसान पहुंचा देते है ।ग्रामीण व्यवस्था चौपट होने से कांजी हाऊस व सरकार द्वारा गौठान योजना का संचालन नहीं करने से फसल बचाने के लिए किसान जदोजहद करते है। घुमन्तु जानवरों के प्रबंधन के लिए सभी गांवों में गौठान योजना को किसानों के साथ जोड़कर किसानों की जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की जरुरत है ।

### गांवों में ग्रामीण व्यवस्था चौपट

शासन द्वारा ग्राम सभा के अधिकारों में कटौती करने से ग्रामीण व्यवस्था चरमरा सी गई है ।पहले गाँव के ग्राम सभा में बनाये गये फैसले को सभी ग्रामीण मानते थे इससे गाँव की व्यवस्था सुचारु रुप से चलती थी लेकिन । फैसले नहीं देने के अधिकार से अधिकार में कमी करने से ग्राम सभा अध्यक्ष कठिन फैसले लेने से हाथ खींचने लगे है ।इसी का परिणाम है कि आज गाँव में जानवरों की व्यवस्था बनाने वाला काम नहीं हो पा रहे है और जानवरों के द्वारा फसल को नुकसान पहुँचाते है ।यह घुमन्तु जानवर जो चारा खाने के बाद सड़कों पर बैठ जाते है। यह खेतों में चरने के बाद मक्खी मच्छर से बचने के लिए सड़क पर बैठे रहते है इनकी संख्या सैकड़ों में रहती है ।पूरे सड़क पर इनका कब्जा रहता है आवागमन करने वालों को वाहन सड़क से नीचे उतार कर चलना पड़ता है । रात के अंधेरे में आवागमन करने वाले राहगीरो को थोड़ी सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का कारण बन रही है ।इन जानवरों से टकराने से हाथ पैर टुट रहे है या दुर्घटना में राहगीर जान भी गंवा रहे है ।बंदर और बरहा से परेशान किसान जो अपनी बाड़ी में घर खाने के लिए पहले सब्जी भाजी लगाकर सब्जी का खर्च बचा लेते थे लेकिन अब बाडी में लगाये सब्जी को बंदर और बरहा पहुंच कर नुकसान पहुँच देते है ।बंदरों के धमाचौकडी से के खपरैल भी टुट रहे है ।खेतों में पेड़ों के कटने से अब बंदर दिन भर बस्ती में रहने लगे है और घरों के खपरैल के साथ बाड़ी में लगे सब्जी भाजी को नुकसान पहुँचते है ।बरहा भी रात में खेतों व बाडी में पहुँच कर फसल को नुकसान पहुंचा देते है ।गांवों में समय पुर्व बंदर बरहा और आवारा पशुओं के प्रबंधन हो जाने से किसानों को फसल उत्पादन में सहुलियत होगी तथा खेत में जानवरो के सुरक्षा करने के लिए तार घेरा पर हजारों रुपये खर्च करने और खेत की रखवाली करने से बचा जा सकता है।

# शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से स्कूलों में लौटी रौनक

- शिक्षकविहीन घोटगांव, चचानवाही स्कूल को मिले शिक्षक,
- एकावारी स्कूल में हुई विज्ञान और गणित के शिक्षक की पदस्थापना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 11 जून।** जिले में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से स्कूलों में रौनक लौट आई है। जिन स्कूलों में कभी एक भी शिक्षक नहीं थे, युक्तियुक्तकरण से अब वहां भी शिक्षकों की नियुक्ति हो गई है। इससे ऐसे स्कूलों में दाखिला लेने वाले बच्चे भी अब अच्छी तरह पढ़ाई कर सकेंगे। युक्तियुक्तकरण से स्कूलों में शिक्षकों की कमी तो दूर हुई ही है, इसके साथ ही विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, एकाउंट्स जैसे विषयों के विशेषज्ञ शिक्षक भी मिल गए हैं। अब स्कूलों में चालू शिक्षण सत्र से बच्चे अच्छी तरह पढ़ाई कर सकेंगे। धमतरी जिले के नगरी विकासखण्ड में घोटगांव के प्राथमिक शाला में एक भी शिक्षक नहीं था। इस विद्यालय में 48 बच्चों का दाखिला हुआ है। दर्ज संख्या के अनुसार यह बच्चों को पढ़ाने के लिए एक प्रधानपाठक एवं एक शिक्षक की नियुक्ति होनी थी। कई वर्षों से घोटगांव का यह स्कूल एकल शिक्षकीय था और प्रधानपाठक के भरोसे संचालित हो रहा था। मई माह में प्रधानपाठक के रिटायर हो जाने से यह शाला शिक्षकविहीन हो गई थी। इस स्कूल में दर्ज 48 बच्चो का भविष्य और उनकी पढ़ाई-लिखाई इससे खासी प्रभावित होने वाली थी। राज्य शासन के युक्तियुक्तकरण के बाद प्राथमिक शाला घोटगांव में एक प्रधानपाठक और एक सहायक शिक्षक को पदस्थ किया गया है। बच्चो को अब इन दोनों शिक्षकों से अच्छी पढ़ाई-लिखाई की उम्मीद जगी है। इसी तरह नगरी विकासखण्ड के ही चचानवाही स्कूल में भी एक प्रधानपाठक सहित दो शिक्षकों की नियुक्ति युक्तियुक्तकरण के द्वारा ही संभव हो सकी है। चचानवाही का यह स्कूल पहले शिक्षकविहीन था। इसी तरह नगरी विकासखण्ड के अंतिम छोर में बसे एकावारी गांव की माध्यमिक शाला में केवल एक शिक्षक पदस्थ थे। यहां छठवीं से आठवीं तक की कक्षाओं में 19 बच्चे दर्ज हैं। दूरस्थ वनांचल होने के कारण यहां कोई भी शिक्षक जाना नहीं चाहते थे। इन बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही थी। बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल में गणित ओर विज्ञान के टीचर नहीं थे। शासन के युक्तियुक्तकरण के बाद इस स्कूल में एक विज्ञान और एक गणित पढ़ाने वाले शिक्षक की पदस्थापना हो गई है। इससे स्कूल के सभी बच्चों सहित उनके पालक भी बेहद खुश हैं। अब बच्चों को उनके स्कूल में ही विज्ञान और गणित की पढ़ाई करने की सुविधा मिलेगी और उन्हें दूर किसी दूसरे स्कूल में नहीं जाना पड़ेगा। जनभागीदारी समिति की सदस्य श्रीमती बिसरी बाई ने शासन की शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण को पढ़ाई-लिखाई की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में पर्याप्त संख्या में शिक्षक उपलब्ध होने से बच्चों को अच्छी शिक्षा तो मिलेगी ही, साथ ही उनका शारीरिक और मानसिक विकास भी बेहतर होगा। श्रीमती बिसरी बाई ने शासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से हमारे गांव के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी।

## समाचार संक्षेप

### महापौर ने आर.के. नगर अमृत उद्यान में पौधे लगाए



**राजनांदगांव 11 जून।** पर्यावरण संरक्षण एवं शहर में हरियाली को बढ़ावा देने इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ महापौर मधुसूदन यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आनंद वाटिका में एक पेड मॉ के नाम लगाकर किया। इसी कडी में गत दिवस रविवार को महापौर के साथ जिला सहकारी केन्द्रीय बैक के अध्यक्ष संचिन बघेल, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा, पार्षद संदीप बघेल व सेवक उईके, पार्षद प्रतिनिधि पंकज कुरंजेकर सहित वार्ड के प्रबुद्धजन सर्वरूपचंद भीमनानी, संदीप भट्टाचार्य, प्रोफेसर कैलाश देवांगन, विद्युत मण्डल के सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता अशोक उमरे, नीलेश जोबनपुत्र, टीकाराम त्यागी, आदित्य पराते, कृष्णा तिवारी, जय वैष्णव सहित महिलाए एवं वार्डवासियो ने आर.के.नगर अमृत उद्यान में कचरार, नीम, कदम के पौधे रोपित किये। वृक्षारोपण के अवसर पर महापौर यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने की नितांत आवश्यक है। क्योकि आज के इस औधोगीकरण एवं शहरी करण के युग में वृक्षों की अंधाधुध कटाई हो रही है और कटाई के अनुपात में वृक्ष नहीं लगाये जा रहे है। जिससे हमारा जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इन बातों को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा पौधा रोपण किया जा रहा है और आज अमृत उद्यान में विभिन्न प्रजाति के पौध रोपित किए गये। उन्होंने कहा कि गत वर्ष भी नगर निगम द्वारा शहर में वृहद वृक्षारोपण किया गया था। जिसका शहर में अच्छा प्रतिसाद मिला। शासन द्वारा भी नागरिको को पर्यावरण संरक्षण से जोडने एक पेड मॉ के नाम अभियान चलाया जा रहा है।

- प्रबुद्धजनों एवं महिलाओं ने कचनार, नीम, कदंब के लगाये पौधे

### पानी बचाओ महाअभियान के लिए शहर में जल यात्रा का आयोजन

**राजनांदगांव 11 जून।** पृथ्वी में हो रही जल की कमी को देखते हुए जिले में पानी बचाओ महा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कडी में कल दिनांक 11 जून 2025 बुधवार को राजनांदगांव शहर में नगर निगम द्वारा जल यात्रा निकाली जायेगी। उक्त जल यात्रा पद्मफुलबासन यादव के नेतृत्व में गायत्री मंदिर के पास से दोपहर 2:30 बजे निकलेगी यात्रा का समापन गांधी सभागृह मे होगा। समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह जी जल बचाओ अभियान में शामिल होगे। अभियान में सांसद संतोष पाण्डे सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेगे। कार्यक्रम के संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने बताया कि पृथ्वी पर स्वच्छ ताजे पानी की मात्रा दिन-प्रतिदिन घटती ही जा रही है। पानी के कमी के कारण विश्व भर में सूखा, कई तरह की बीमारियां, प्राकृतिक प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही है, परन्तु इस विषय की सबसे दुखद बात यह है कि लोग अभी भी जल संरक्षण के महत्व को लेकर पूर्ण रुप से जागरुक नही हो रहे है। जिसे ध्यान मे रखकर जल संरक्षण के लिए लोगो में जागरूकता लाने जिले भर में पानी बचाओ महा अभियान चलाया जा रहा है। शहर के लोगो को अभियान से जोडने कल दिनांक 11 जून बुधवार को दोपहर 2:30 बजे गायत्री मंदिर से जल यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा गायत्री मंदिर से भारत माता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक, जय स्तम्भ चौक होते हुए गांधी सभागृह पहुँचेगी।

- विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में गांधी सभागृह में होगा जल यात्रा का समापन

### सेना में अग्निवीरों की भर्ती का प्रशिक्षण देने वालों को मिलेगी सहायता: कलेक्टर

**धमतरी 11 जून।** धमतरी जिले से अधिक से अधिक युवाओं की सेना में भर्ती सुनिश्चित कराने के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने एक और पहल की है। जिले में अग्निवीरों की भर्ती के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करने वाले लोगों और संस्थाओं को अब जिला प्रशासन की मदद भी मिल सकेगी। कलेक्टर ने आज इस संबंध में जिले के लगभग 14 प्रशिक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में जिले के युवाओं को सेना में भर्ती के लिए तैयार करने के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार किया गया। इसके साथ ही धमतरी में सेना की भर्ती रैली आयोजित कराने की भी मांग प्रशिक्षकों ने कलेक्टर से की। बैठक एसडीएम पियूष तिवारी, प्रशिक्षक से.नि. हवलदार जीवन निषाद, राहुल ध्रुव, देवेन्द्र साहू, गुलशन साहू, शाजिद अली, हितेन्द्र साहू, समीर गौड़, हेमलाल सिन्हा, मनहरण नेताम सहित अन्य प्रशिक्षक भी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने सभी प्रशिक्षकों से उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली।

- शारीरिक और लिखित परीक्षा के लिए जिला प्रशासन करेगा मदद

### महिला से छेड़छाड़ करने वाले के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव, 11 जून।** विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 08/06/2025 को प्रार्थिया थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम



बुध्दूमरदा निवासी मनीष यादव पिता पोशू यादव के द्वारा बुरी नियत से प्रार्थीया का हाथ पकड़ कर गॉली गलौच किया और जब इसका पति यहां आया से उसका गला दबाने की कोशिश किया यह बीच-बचाव हेतु ग्रामीणों को बुलाई तो इसके दादा जी चौनसिंग सिन्हा को राड से मारकर उसका सिर फोड़ दिया जिससे वह लहुलुहान हो गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 267/2025 धारा 74, 296, 115(2), 351(2) बी.एन.एस. पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारीगणों को अवगत कराया गया एवं श्रीमान् पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक राजेश कुमार साहु के नेतृत्व में दौरान विवेचना आहतो को आई चोटो का मुलाहिजा कराया गया।

### जिले में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया जाएगा सघन पौधरोपण

**राजनांदगांव 11 जून।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने सुकमा जिले में नक्सली हमले में शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि इस वर्ष सघन पौधरोपण एक पेड़ माँ के नाम अभियान से किया जाएगा। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए व्यापक तौर पर पौधरोपण करने के लिए पहले से तैयारी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पौधरोपण के लिए गड्ढे बनाने, खाद की व्यवस्था एवं अन्य तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन विभाग से पौधे लेकर पौधरोपण किया जाएगा। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कृषि विभाग को बाड़ी एवं मेड़ में पौधे लगाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पौधों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग होना चाहिए, इसके साथ ही पर्याप्त देखरेख करने की आवश्यकता है।

## एक नजर

### 4 साल से फरार अपराधी को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय के समक्ष किया पेश



**राजनांदगांव, 11 जून।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के द्वारा लंबित स्थायी ,गिरफ्तारी वारटियो एवं आपराधिक व असमाजिक तत्वो के विरूद्ध कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुआ। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन पर थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में थाना स्तर पर आज दिनांक को टीम गठित कर लंबित स्थायी ,गिरफ्तारी वारटियो एवं असामाजिक तत्वो के विरूद्ध प्रभारी कार्यवाही हेतु टीम गठित कर गठित टीम द्वारा गिरफ्तारी वारंटी जो लंबे समय से कोर्ट के समक्ष पेश नही हो रहे थे। जिनके विरूद्ध माननीय न्यायालय से गिरफ्तारी हेतु स्थायी वारंट प्राप्त हुआ था। जिन्हे गठित टीम के द्वारा घेराबंदी कर मुखबीर की सूचना के आधार पकडा गया। दोनों वारंटी को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, आरक्षण प्रवीण मेश्राम, पुश बघेल,

### डायरिया, डेंगू, मलेरिया एवं फाइलेरिया से बचाव ही सावधानी: कलेक्टर

**राजनांदगांव 11 जून।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की ने आज कलेक्टोरट सभाकक्ष में मौसमी बीमारी डायरिया, डेंगू, मलेरिया एवं फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 16 जून से 31 जुलाई 2025 तक स्टॉप डायरिया कैम्पेन 2025 आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य 0 से 5 वर्ष के बच्चों में मृत्यु दर की कमी लाना है। कार्यक्रम अंतर्गत मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा घर घर भ्रमण कर 0 से 5 वर्ष के बच्चों वाले घरों में ओआरएस पैकेट एवं जिंक टेबलेट वितरण किया जाएगा। साथ ही ओआरएस बनाने की विधि एवं हाथ धोने का विधि भी बताई जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि मौसमी बीमारियों डायरिया, डेंगू, मलेरिया एवं फाइलेरिया से बचाव के लिए जनसामान्य में आवश्यक सावधानी, सर्तकता एवं जागरूकता के लिए कार्य करें। उन्होंने बारिश को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य केन्द्रों में एण्टी स्नैक वैनम की दवाई रखने के लिए कहा। उन्होंने स्कूलों में बच्चों को हैण्डवाश करने के तरीके सिखाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि डायरिया, डेंगू, मलेरिया एवं फाइलेरिया से बचाव ही सावधानी है। उन्होंने अंतर विभागीय समन्वय से कार्यालय, निवास एवं आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई रखने तथा पानी जमा नहीं होने दें। उन्होंने नगर निगम को शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील कि है कि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए मौसमी बीमारियों के प्रति आवश्यक सावधानी रखें एवं सुरक्षात्मक उपायों का पालन करें।

### डिप्लोमा इंजीनियरिंग के लिए प्रथम चरण का ऑनलाइन पंजीयन 11 से 15 जून तक

**धमतरी 11 जून।** डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए पहले चरण की ऑनलाईन पंजीयन 11 से 15 जून तक होगा। भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक धमतरी के प्राचार्य जी.आर.साहू ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी https://cgdteraipur.cgstate.gov.in पर जाकर ऑनलाईन पंजीयन कर सकते हैं। उन्होंने प्रवेश की पात्रता के संबंध में बताया कि प्रथम सेमेस्टर के लिए पीपीटी के माध्यम से प्रवेश होगा। इसके लिए गणित व विज्ञान विषयों के साथ दसवीं पास अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड 102 पास होना होगा। लेटरल एंट्री द्वितीय वर्ष के लिए गणित, भौतिकी, रसायन में बारहवीं कक्षा या दसवीं और किसी मान्यता प्राप्त संस्था से दो साल का आईटीआई होना होगा। प्रथम सेमेस्टर में पीपीटी मेरिट सूची के आधार पर प्रवेश की पात्रता होगी। वहीं लेटरल एंट्री बारहवीं या आईटीआई के अंकों के आधार पर मेरिट

### कलेक्टर ने खाद-बीज का उठाव तेज करने के दिए निर्देश

**धमतरी 11 जून।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज आमदी स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने समिति में मौजूद किसानों से बीज-खाद के उठाव के बारे में पूछताछ की। मिश्रा ने किसानों से किसान क्रेडिट कार्ड के उपयोग के बारे में भी पूछा। मिश्रा ने साख सहकारी समिति के प्रबंधक से चालू खरीफ मौसम के लिए बीज और खाद भण्डारण की जानकारी ली। कलेक्टर ने डीएपी खाद की कमी होने पर उसके विकल्प के रूप में अन्य खाद समूहों के उपयोग की जानकारी किसानों को देने के भी निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करने और किसानों को जरूरी सलाह देने के भी निर्देश दिए।

# जनजातीय समाज के विकास के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता: सीएम साय

- नई छात्रावास-आश्रम प्रबंधन प्रणाली का शुभारंभ, आश्रम छात्रावासों के संचालन के लिए 85 करोड़ रुपए का ऑनलाइन अंतरण



**रायपुर, 11 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने छात्रावास-आश्रम प्रबंधन के लिए नवीन पोर्टल का शुभारंभ किया। साथ ही, आगामी शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रदेश के आश्रम छात्रावासों के संचालन हेतु नई व्यवस्था के अंतर्गत शिष्यवृत्ति एवं भोजन सहायता की पहली किश्त (जुलाई से सितंबर) के रूप में 85 करोड़ रुपए का ऑनलाइन अंतरण मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार विशेष पिछड़ी जनजातियों और आदिवासी समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए संकल्पित है। हमारा लक्ष्य है कि इन वर्गों का जीवन स्तर बेहतर हो, वे आत्मनिर्भर बनें और विकास की मुख्यधारा में सम्मिलित हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनजातीय समुदाय की सदैव चिंता करते हैं और उनके विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। केंद्र सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आवास जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने पीएम जनमन एवं धरती आबा जैसी महत्वाकांयोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवास और सड़क निर्माण कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया। साथ ही, पीएम जनमन योजना के अंतर्गत शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र जैसे मूलभूत दस्तावेजों को तैयार करने का कार्य लगातार जारी रखने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने आश्रम-छात्रावासों की समीक्षा करते हुए कहा कि जहाँ आवश्यकता हो, वहाँ सर्वसुविधायुक्त छात्रावास बनाए जाएं। शौचालय, बेड, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित हो। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आश्रम-छात्रावासों में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं में एकरूपता रहे तथा छात्रावासों की निगरानी के लिए रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम को अपनाया जाए।

## साय सरकार युक्तियुक्तकरण की आड़ में शिक्षा से कर रही खिलवाड़:कांग्रेस

- विकासखंड शिक्षा कार्यालय का किया घेराव, सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 11 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 10 हजार से अधिक स्कूलों के युक्तियुक्तकरण का फैसला लिया है। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर किए जा रहे रोजगार विरोधी नीति अपनाकर हजारों युवाओं को बेरोजगार किया जा रहा है जिसके विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 'शिक्षा-न्याय आंदोलन किया जा रहा है। इसी के तहत 10 जून को शहर जिला कांग्रेस कमेटी व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड शिक्षा कार्यालय का एक दिवसीय घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार युक्तिकरण कर 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर रही है। नये सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती करके शिक्षकों के हजारों पद खत्म किया जा रहा है। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में एक दिवसीय घेराव प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग किया है कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को यथावत रखते हुए, शिक्षा नीति 2008 का पालन हो तथा प्रदेश में शिक्षकों की नई भर्ती जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाए जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित न हो व छत्तीसगढ़ के छात्र-छात्राओं को उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त हो सके।

## नये स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों में होगी कार्यकर्ता की भर्ती

- एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद में 24 जून तक आवेदन आमंत्रित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 11 जून।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद के तहत नवीन स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए आगामी 24 जून तक आवेदन मंगाए गए हैं। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कुरूद ने बताया कि ग्राम पंचायत मंदरौद के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 04, कातलाबोड़ के केन्द्र क्रमांक 03, ग्राम पंचायत खर्रा, भेण्डसर, भेलवाकूदा, गणेशपुर, सरबदा और सिलीडीह के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक दो तथा चरमुड़िया के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 04 में कार्यकर्ता के पद पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। परियोजना अधिकारी ने यह भी बताया कि सभी प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन पत्र सीधे अथवा पंजीयन डाक के माध्यम से एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय कुरूद में जमा किया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी संबंधित ग्राम पंचायत अथवा परियोजना कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद केवल महिलाओं के लिए होंगे और इसके लिए 18 से 44 साल तक की आयु की उसी गांव अथवा वार्ड की महिला आवेदन कर सकतीं हैं। शैक्षणिक योग्यता बारहवीं अथवा पूर्ववर्ती ग्यारहवीं बोर्ड उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि स्पष्ट उल्लेखित अंकतालिका अथवा प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में मूल्यांकन किया जाना संभव नहीं होगा।

## अमरजीत सिंह का घर सूरज की रोशनी से हुआ रोशन

- सोलर पैनल लगाने के बाद बिजली बिल शून्य, अतिरिक्त बिजली ग्रिड को भेज रहे



**रायपुर, 11 जून।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम जनजीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इस योजना के अंतर्गत लोग अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त कर रहे हैं। योजना के तहत उपभोक्ताओं को कम ब्याज दर पर ऋण के साथ-साथ 30 हजार से 78 हजार रुपये तक की अनुदान राशि भी दी जा रही है। जांजगीर जिले के चांपा नगर निवासी श्री अमरजीत सिंह सलूजा इस योजना से लाभान्वित होने वालों में एक हैं। उन्होंने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम स्थापित कराया है, जिस पर उन्हें शासन की ओर से 78 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई। श्री सलूजा ने बताया कि सोलर सिस्टम लगाने से पहले उनका बिजली बिल काफी अधिक आता था, जिससे उनका घरेलू बजट प्रभावित होता था। लेकिन अब सोलर पैनल लगने के बाद उनका बिजली बिल पूरी तरह से शून्य हो गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना से न केवल आर्थिक बचत हो रही है, बल्कि बिजली कटौती की समस्या से भी छुटकारा मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना को ÷एक पंथ दो काज÷ की संज्ञा देते हुए कहा कि इससे न केवल पर्यावरण को लाभ हो रहा है, बल्कि आमजन को आर्थिक राहत भी मिल रही है।

## खाद्य पदार्थ इकाइयों की स्थापना के लिए मिलेगा पात्रतानुसार अनुदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 11 जून।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए पात्रतानुसार अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के तहत आटा, दाल मिल, राइस मिल, पोहा मिल, सूजी, रवा, नमकीन, मिठाई निर्माण, चिप्स, आचार, ब्रेड, चनाचूर, बड़ी, पापड़, मैगी, आईस कैण्डी, मशरूम उद्योग, मसाला उद्योग व दुग्ध आधारित उत्पाद तथा खाद्य पदार्थ इकाईयों की स्थापना की जा सकती है। इन इकाईयों की स्थापना के लिए पात्रतानुसार 35 प्रतिशत एवं 10 लाख रूपये तक का अनुदान उपलब्ध है। इसमें व्यक्तिगत उद्यमी आवेदन कर सकते हैं।

## विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र जिला दुर्ग जगदलपुर में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**धमतरी 11 जून।** आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन याजनान्तर्गत विज्ञान एवं बाणिज्य शिक्षण केन्द्र जिला दुर्ग-जगदलपुर में शिक्षा सत्र 2025-26 में प्रवेश लेने के लिए अनुसूचित क्षेत्र में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इसके लिए विद्यार्थियों को कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा में कम से कम 40 प्रतिशत अंक में उत्तीर्ण होना एवं विज्ञान अथवा वाणिज्य विषय के साथ आंगामी पढ़ाई हेतु इच्छुक होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को विभाग के साथ अनुबंध पत्र हस्ताक्षर करना होगा।

## पं. विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर राजधानी वासियों ने किया याद

- नगर निगम में महापौर सहित कांग्रेस भवन में हुए कार्यक्रम

**रायपुर, 11 जून।** राजधानी में आज पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा वरिष्ठ सांसद विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर अनेक कार्यक्रम हुए। इसके अलावा विभिन्न जिलों में अनेक कार्यक्रम हुए जिसमें उनकी 12वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांसुमन अर्पित किया गया। कांग्रेसजनों ने वरिष्ठ सांसद पूर्व केन्द्रीय मन्त्री शहीद पण्डित विद्याचरण शुक्ल की 12वीं पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए उनके द्वारा छत्तीसगढ़ में किए गए संगठनात्मक एवं विकास कार्यों के लिए याद किया। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने गृहमंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री सहित अन्य पदों पर रहते हुए देश की सेवा की थी। जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन 4 के सहयोग से राजधानी शहर में रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के सामने नगर निगम के शहीद पण्डित विद्याचरण शुक्ल उद्यान परिसर स्थित उनकी मूर्ति के समक्ष रखे गए संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने उन्हें समस्त नगरवासियों की ओर से सादर नमन करते हुए मूर्ति स्थल पर आदरांजलि अर्पित की।

## अल्प बारिश से ही सड़कों पर जल भराव की स्थिति

**रायपुर, 11 जून।** मंगलवार को जिसे प्री मानसुन कहा जा रहा है शाम के समय हुई लगातार हो रही बारिश से जहां सड़कों पर जल भराव की स्थिति देखी गई वहीं रात में घंटों विद्युत व्यवस्था चरमराने से अंधेरे की स्थिति का सामना शहर के अनेक इलाकों के लोगों को करना पड़ा। एक ओर नगर निगम द्वारा जहां रायपुर को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने की कवायद चल रही है वहीं नगर निगम की सफाई व्यवस्था की पोल अल्प हुई बारिश से ही खुल गई। शहर के सिविल लाइन, कुशालपुर, लाखेनगर जीई रोड क्षेत्र सहित अनेक इलाकों में जल भराव की स्थिति से दोपहिया वाहन चालक आते जाते दिखाई दिये। शांति नगर के प्रतिष्ठित नागरिक शैलेंद्र शुक्ला एवं सांई रेसिडेंसी लालपुर के वरिष्ठ नागरिक वरूण दीक्षित ने नगर निगम की लचर सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाया है।

## संपादकीय

# देश की मौजूदा राजनीति में न्यायपालिका की भूमिका महत्त्वपूर्ण

प्रधान न्यायाधीश बीआर गंवई ने कहा है कि न्यायपालिका व विधायिका का मौलिक कर्त्तव्य है, देश के उस आखिरी नागरिक तक पहुंचना जिसे न्याय की जरूरत है।

उन्होंने कहा, जब भी संकट आया, भारत एकजुट रहा। इसका श्रेय संविधान को दिया जाना चाहिए। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अधिवक्ता चैंबर भवन व मल्टीलेवल पार्किंग के उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा, संविधान लागू होने पिछत्तर वर्ष की यात्रा में विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका ने सामाजिक-आर्थिक समानता लाने में बड़ा योगदान दिया है। बार व बेंच को सिक्के के दो पहलू बताते हुए मिल कर काम न करने पर रथ के आगे न बढ़ने की चर्चा भी की।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिवक्ताओं की समस्याएं दर करने के लिए केंद्र के सतत प्रयासरत रहने और अधिवक्ता निधि की राशि बढ़ा कर पांच लाख करने की बात की। पेड़ों के नीचे बैठ कर काम करने वाले वकीलों की चर्चा करते हुए उन्होंने एयरकंडीशनर उनके गुस्से को ठंडा करने जैसी बात की।

बेशक, यह केवल उच्च न्यायालय परिसर की बात थी। देश के किसी भी मुख्यमंत्री को विचारना चाहिए कि अमूमन वकीलों तो क्या जिला जजों के लिए न तो ढंग की बैठने की जगह है, न स्वच्छ/शीतल जल है। एसी तो बहुत दूर की बात है।

प्रधान न्यायाधीश द्वारा की गई मुख्यमंत्री की तारीफ में इसका ख्याल किया जाना लाजिमी था क्योंकि जिलों में कार्यरत वकीलों व न्यायाधिकारियो को भी शीर्षाधिकारियों से उम्मीद होती है कि वे उनकी दशा पर भी दो बाले बोलें। यह पहला मौका था जब प्रधान न्यायाधीश के तौर पर वे इलाहाबाद गए थे। हालांकि उन्होंने अपने वक्तव्य में उन्होंने सेवानिवृत्त होने के बाद आगे की बात कहने पर भी जोर दिया। जैसा कि वे इसी वर्ष नवम्बर में रिटायर हो रहे हैं।

देश की मौजूदा राजनीति में न्यायपालिका की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती जा रही है। संविधान समानता की दिशा तो दे रहा है मगर व्यावहारिक तथ्य यह भी है कि अभी भी बड़ा वर्ग आर्थिक-सामाजिक तौर पर वंचित है जिन्हें राजनीतिक दल केवल वोट बैंक के नजरिए से आंकते हैं। देश का वह आखरी नागरिक आज भी कातर भाव से शीर्ष पर बैठे लोगों को ताक रहा है जिसे न तो अपने अधिकारों का ज्ञान है, न ही उसकी तूती की आवाज में दम है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए चुनौती से भरा रहने वाला है। धन संबंधित मामलों में आपको अपनी आंखें और कान खुले रखने होंगे। आपको खानपान में लापरवाही के कारण आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। जल्दबाजी में कोई काम यदि किया तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा। आप अपने बेफिजूल के खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश करें। किसी को बिना मांगे सलाह ना दें। सरकारी कामों में इन्वेस्टमेंट करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको किसी सेहत संबंधित समस्या को लेकर टेंशन रहेगी।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए मेहनत और ईमानदारी से काम करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको बिजनेस में धन अत्यधिक मात्रा में न मिलने से आपका मन थोड़ा परेशान रहेगा। आपको अपने कामों पर थोड़ा ध्यान देना होगा, लेकिन आपकी वाणी पर आप संयम रखें। आप अपने काम के प्रति लापरवाही बिल्कुल ना करें। आपको किसी निर्णय को लेने के बाद पछतावा हो सकता है, लेकिन कार्यक्षेत्र में आपके कामों से एक नई पहचान बनेगी। राजनीति में कार्यरत लोगों को नए पद की प्राप्ति हो सकती है।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए कुछ विशेषकर दिखाने के लिए रहेगा। आपके विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आपको किसी लेनदेन से संबंधित मामलों पर अपने आंखों और कानों को खुले रखने होंगे। आपका कोई मित्र आपके लिए कोई इंवेस्टमेंट संबंधित प्लान लेकर आ सकता है, जिसमें आप आप थोड़ा सोच समझ हाथ बढ़ाएं। आपको अपने पिताजी से काम को लेकर कोई सलाह लेनी पड़ सकती है। आपको अपने विचारों में बदलाव लाने होंगे। आप किसी को बिना मांगे सलाह ना दें।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने के लिए रहेगा। आपको अपने मन पर काबू रखना होगा। सिंगल लोगों की उनके साथी से मुलाकात हो सकती है। आपका कोई काम आज बिगड़ने से बॉस से लड़ाई-झगड़ा हो सकता है। आप अपने किसी सहयोगी से काम को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं। कला क्षेत्र में आपकी लोगों से खूब पटेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा। यदि आप अपने भाई-बहनों से कोई मदद मांगेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। तकनीकी क्षेत्रों में आप अच्छा नाम कमाएंगे। जो लोग नौकरी को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें भी कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आपकी कोई पारिवारिक समस्या आसानी से सुधर जाएगी, जिससे आपको टेंशन भी कम होगी। आपको किसी से काम को लेकर यदि कोई सलाह लेनी पड़े, तो उसमें आप अपनी बुद्धि का प्रयोग अवश्य करें। किसी नए वाहन की आप खरीदारी की योजना बना सकते हैं।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी कानूनी मामले में विशेषज्ञों से सलाह लेनी होगी। आप अपने कामों में कोई लापरवाही ना करें, नहीं तो इससे आपका कोई भारी नुकसान हो सकता है। आपको अपने आलस्य को दूर भगाकर कामों में आगे बढ़ने की आवश्यकता है। परिवार में किसी सदस्य से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आप किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखें। संतान की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**तुला** आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको अपने बिजनेस के जरूरी कामों पर पूरा ध्यान देना होगा, क्योंकि आप आलस्य के कारण अपने कामों को आगे के लिए टाल सकते हैं। जीवनसाथी आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आप पूरा अवश्य करेंगे, लेकिन आपको कोई भी बात थोड़ी समझदारी दिखाते हुए कहनी होगी। आपको किसी अनजान व्यक्ति से धन का लेनदेन नहीं करना है।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए बिजनेस के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों का समय अच्छा बीतेगा, क्योंकि उनके बॉस उनके कामों की सराहना करेंगे। आप किसी बात को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपके पास जिम्मेदारी अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है। किसी सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट करना आपके लिए अच्छा रहेगा।

**धनु** आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष करने के लिए रहेगा। वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं, जिनको लेकर आपको जीवनसाथी से तालमेल बनाकर चलना होगा। सेहत के मामले में दिन कमजोर रहने वाला है, क्योंकि आपको कोई खून से संबंधित समस्या परेशान करेगी। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आपकी कोई मन की इच्छा की पूर्ति होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने पिताजी से काम को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं।

**मकर** आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचने के लिए रहेगा। आपके मन में यदि किसी काम को लेकर संशय बना है, तो आप उसमें बिल्कुल आगे ना बढ़ें। आपका कोई निर्णय आपके लिए नुकसानदायक रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं, जिसमें आपका अच्छा खासा धन खर्चा होगा। ननिहाल पक्ष के लोगों से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आप किसी नए घर की खरीदारी करने की सोच रहे हैं, तो उसके जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान दें।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। पारिवारिक मामले आपके लिए समस्या बन सकते हैं। आपकी बेवजह दूसरों के मामले में बोलने की आदत आपके लिए समस्या बन सकती है, लेकिन यदि आपने अपने बिजनेस में किसी नये काम को शुरुआत की तो, वह आपके लिए अच्छी रहेगी। जीवनसाथी आपके कामों में कंधे से कंधा मिलाकर पूरा साथ देंगे। शौक मौज की चीजों पर भी आप अच्छा खासा धन खर्च कर सकते हैं।

**मीन** आज आपको यदि किसी काम को लेकर तनाव था, तो वह भी दूर होगा। धर्म-कर्म के कार्यों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, कुछ नया करने का भी मौका मिलेगा। आप अपनी अच्छे सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे, लेकिन आपको यदि किसी की मदद करने का मौका मिले, तो आप उसमें पीछे न हटे। विद्यार्थी अपने ज्ञान में वृद्धि का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। आपको अपने व्यवहार में बदलाव लाने की आवश्यकता है, क्योंकि आपकी छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने की आदत लड़ाई झगड़ा पैदा कर सकता है।

## संत कबीर जयन्ती

# अध्यात्म जगत के महासूर्य हैं कबीर

ललित गर्ग



भारतीय संत परम्परा और संत-साहित्य में संत कबीर एक महान् हस्ताक्षर, समाज-सुधारक, अध्यात्म की सुदृढ़ परम्परा के संवाहक एवं अनूठे संत हैं। जब भारतीय समाज और धर्म का स्वरूप रूढ़ियों एवं आडम्बरों में जकड़ा एवं अधंकारमय था, एक तरफ मुसलमान शासकों की धर्मांधता से जनता त्राहि-त्राहि कर रही थी और दूसरी तरफ हिंदूओं के कर्मकांडों, विधानों एवं पाखंडों से धर्म-बल का ह्रास हो रहा था, तब संत कबीर एक रोशनी बनकर समाज को दिशा दी। कबीर ने मानव चेतना के विकास के हर पहलू को उजागर किया। श्रीकृष्ण, श्रीराम, महावीर, बुद्ध, जीसस के साथ-ही-साथ भारतीय अध्यात्म आकाश के अनेक संतों-आदि शंकराचार्य, नानक, रैदास, मीरा आदि की परंपरा में कबीर ने धर्म की त्रासदी एवं उसकी चुनौतियों को समाहित करने का अनूठा कार्य किया। जीवन का ऐसा कोई भी आयाम नहीं है जो उनके दोहों-विचारों से अस्पर्शित रहा हो। अपनी कथनी और करनी से मृतप्रायः मानव जाति के लिए कबीर ने संजीवनी का कार्य किया। इतिहास गवाह है, इंसान को ठोंक-पीट कर इंसान बनाने की घटना कबीर के काल में, कबीर के ही हाथों हुई। शायद तभी कबीर कवि मात्र ना होकर युगपुरुष और युगस्रष्टा कहलाए।

महात्मा कबीर सत्व, रज, तम तीनों गुणों को छोड़कर त्रिगुणातीत बन गये थे। उन्होंने निर्गुण रंगी चादरिया रे, कोई ओढ़े संत सुजान को चरितार्थ करते हुए सद्भावना और प्रेम की गंगा को प्रवाहित किया। उन्होंने इस निर्गुणी चदरिया को ओढ़ा है। उन्हें जो दृष्टि प्राप्त हुई है, उसमें अतीत और वर्तमान का वियोग नहीं है, योग है। उन्हें जो चेतना प्राप्त हुई, वह तन-मन के भेद से प्रतिबद्ध नहीं है, मुक्त है। उन्हें जो साधना मिली, वह सत्य की पूजा नहीं करती, शल्य-चिकित्सा करती है। सत्य की निरंकुश जिज्ञासा ही उनका जीवन-धर्म रहा है। वही उनका संतत्व रहा, वही उनकी साधना का अभिन्न अंग रहा। वे उसे चादर की भाँति ओढ़े हुए नहीं हैं बल्कि वह बीज की भाँति उनके अंतस्तल से अंकुरित होता रहा है। कबीर ने सगुण-साकार भक्ति पर जोर दिया है, जिसमें निर्गुण निहित है।

हर जाति, वर्ग, क्षेत्र और सम्प्रदाय का सामान्य से सामान्य व्यक्ति हो या कोई विशिष्ट व्यक्ति हो - सभी में विशिष्ट गुण खोज लेने की दृष्टि कबीर में थी। गुणों के आधार से, विश्वास और प्रेम के आधार से व्यक्तियों में छिपे सद्गुणों को वे पुष्प में से मधु की भाँति उजागर करने में सक्षम थे। परस्पर एक-दूसरे के गुणों को देखते हुए, खोजते हुए उनको बढ़ाते चले जाना कबीर के विश्व मानव या वसुधैव कुटुम्बकम् के दर्शन का द्योतक है। उन्होंने मन, चेतना, दंड, भय, सुख और मुक्ति जैसे सूक्ष्म विषयों पर भी किसी गंभीर मनोवैज्ञानिक की तरह विचार किया था और व्यक्ति को अध्यात्म की एकाकी यात्रा का मार्ग सुझाया था। कबीर ने लोगों को एक नई राह दिखाई। घर-गृहस्थी में रहकर और गृहस्थ जीवन जीते हुए भी शील-सदाचार और पवित्रता का जीवन जिया जा सकता है तथा आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। वे संसार से भागे नहीं, बल्कि संसार में रहकर सादगी को, संतता को साधा। इसीलिये कबीर एक सामान्य मनुष्य के लिये आशा का द्वार है।



संत कबीर का जन्म लहरतारा के पास जेठ पूर्णिमा को हुआ था। उनके पिता नीरू नाम के जुलाहे थे। 119 वर्ष की आयु में उन्होने मगहर में अपना देह त्यागा। कुछ लोगों का कहना है कि वे जन्म से मुसलमान थे और युवा अवस्था में स्वामी रामानंद के प्रभाव से उन्होंने हिन्दू धर्म की विशेषताओं को स्वीकारा। कबीर ने हिन्दु, मुसलमान का भेद मिटाकर हिन्दू भक्तों तथा मुसलमान फकीरों के साथ सत्संग किया और दोनों की अच्छी बातों को आत्मसात किया। उनके जीवन में कुरान और वेद ऐसे एकाकार हो गये कि कोई भेदरेखा भी नहीं रही। कबीर पढ़े लिखे नहीं थे पर उनकी बोली बातों को उनके अनुयायियों ने लिपिबद्ध किया जो लगभग 80 ग्रंथों के रूप में उपलब्ध है। कबीर ने भाईचारे, प्रेम और सद्भावना का संदेश दिया है। उनके प्रेरक एवं जीवन निर्माणकारी उपदेश उनकी साखी, रमैनी, बीजक, बावन अक्षरी, उलट बासी में देखे जा सकते हैं। कबीर एक ऐसे संत हैं, जिनके लिये पंथ और ग्रंथ का भेद बाधक नहीं। वे दो संस्कृतियों के संगम हैं। उनका मार्ग सहजता है, यही कारण है कि उन्होंने सहज योग का मार्ग सुझाया। वे जाति-पांति के भेदभावों से मुक्त एक सच्चा इंसान, क्रांतिकारी संतपुरुष एवं अनूठे योगी थे। कबीर ने इन क्रांतिकारी शब्दों के जरिये पाखंडियों को किया था लहूलुहान-कबीर बानी अटपटी, सुनकर लागे आग। अज्ञानी जन जल मुए,ज्ञानी जाए जाग। कबीर की वाणी धधकती हुई आग के समान थी, जिस अग्नि में अज्ञानी और पाखंडियों का भस्म होना निश्चित है। संत सज्जन व्यक्तियों का जीवन सुसज्जित तथा उन्हें परम सत्य की प्राप्ति होना सुनिश्चित है। सत्य परम प्रकाश हमारे अंदर है जिसकी प्राप्ति संत कबीर जैसे महापुरुषों के ज्ञान से की जा सकती है।

महात्मा कबीर ने स्वयं को ही पग-पग पर परखा और निथारा। स्वयं को भक्त माना और उस परम ब्रह्म परमात्मा का दास कहा। वह अपने और परमात्मा के मिलन को ही सब कुछ मानते। शास्त्र और किताबें उनके लिये निरर्थक और पाखण्ड था, सुनी-सुनाई तथा लिखी-लिखाई बातों को मानना या उन पर अमल करना उनको गंवारा नहीं। इसीलिये उन्होंने जो कहा अपने अनुभव के आधार पर कहा, देखा और भोगा हुआ ही व्यक्त किया, यही कारण है कि उनके दोहे इंसान को जीवन की नई प्रेरणा देते थे। कबीर शब्दों का महासागर है, ज्ञान का सूरज हैं। उनके बारे में जितना भी कहो, थोड़ा है, उन पर लिखना या बोलना असंभव जैसा है। सच तो यह है कि बूंद-बूंद में सागर है और किरण-किरण में सूरज। उनके हर शब्द में गहराई है, सच का तेज और ताप है।

संत शिरोमणि कबीर सर्वधर्म सद्भाव के प्रतीक थे, साम्प्रदायिक सद्भावना एवं सौहार्द को बल दिया। उनको हिन्दू और मुस्लिम दोनों ही संप्रदायों में बराबर का सम्मान प्राप्त था। दोनों संप्रदाय के लोग उनके अनुयायी थे। यही कारण था कि उनकी मृत्यु के बाद उनके शव को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। हिन्दू कहते थे कि उनका अंतिम संस्कार हिन्दू रीति से होना चाहिए और मुस्लिम कहते थे कि मुस्लिम रीति से। किंतु इसी छीना-झपटी में जब उनके शव पर से चादर हट गई, तब लोगों ने वहाँ फूलों का ढेर पड़ा देखा। यह कबीरजी की ओर से दिया गया बड़ा ही चमत्कारी और सशक्त संदेश था कि इंसान को फूलों की तरह होना चाहिए- सभी धर्मों के लिए एक जैसा भाव रखने वाले, सभी को स्वीकार्य। बाद में वहाँ से आधे फूल हिन्दुओं ने ले लिए और आधे मुसलमानों ने तथा अपनी-अपनी रीति से उनका अंतिम संस्कार किया। अध्यात्म के महासूर्य कबीर ने कहा है, 'बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलया कोय। जो मन खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय।' इस दोहे में कबीर ने बताया है कि व्यर्थ में हम किसी दूसरे में दोष क्यों ढूंढ़ने लगते हैं? हमें अपने अंदर झांक कर देखना चाहिए कि कहीं मुझमें कोई गलती तो नहीं।

'मसि-कागद' छुए बगैर ही वह सब कह गए जो श्रीकृष्ण ने कहा, नानक ने कहा, ईसा मसीह ने कहा और मुहम्मद साहब ने कहा। आश्चर्य की बात, अपने साक्ष्यों के प्रसार हेतु कबीर सारी उम्र किसी शास्त्र या पुराण के मोहताज नहीं रहे। न तो किसी शास्त्र विशेष पर उनका भरोसा रहा और ना ही उन्होंने जीवन भर स्वयं को किसी शास्त्र में बाँधा। कबीर ने समाज की दुखती रग को पहचान लिया था। वे जान गए थे कि हमारे सारे धर्म और मूल्य पुराने हो गए हैं। नई समस्याएँ नए समाधान चाहती हैं। नए प्रश्न, नए उत्तर चाहते हैं। नए उत्तर, पुरानेपन से छुटकारा पाकर ही मिलेंगे। कबीर भारत की उज्ज्वल गौरवमयी संत परंपरा में सर्वाधिक समर्पित एवं विनम्र संत हैं। वे गुरुओं के गुरु हैं, उनका फकडपन और पुरुषार्थ, विनय और विवेक, साधना और संतता, समन्वय और सहअस्तित्व की विलक्षण विशेषताएं युग-युगों तक मानवता को प्रेरित करती रहेगी।

## राजनीति

सावित्री ठाकुर - केंद्रीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

# चुप्पी से सुरक्षा तक: मोदी सरकार के शासन में कानूनी सुधारों ने महिला सुरक्षा को नया रूप दिया

2012 में क्रूर निर्भया कांड ने देश की अन्तरात्मा को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना ने महिलाओं की सुरक्षा में भारत के कानूनी और प्रशासनिक ढांचे की गहरी कमियों को भी उजागर कर दिया था। अपर्याप्त पुलिस व्यवस्था, धीमी न्यायिक प्रक्रिया, पुराने पड़ चुके कानून और पीड़ितों के ना-काफी सहायता इंतजाम निराशाजनक तस्वीरें पेश कर रहे थे।

2014 तक, भारत एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा था। जनता में जबरदस्त आक्रोश था। लेकिन कानूनी तंत्र सुस्त पड़ा था। फास्ट ट्रैक कोर्ट महज एक अवधारणा थी, वास्तविकता नहीं। कोई एकल समाधान और केंद्र नहीं थे, कोई राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन नहीं थी, जांच तेज़ करने के लिए कोई फोरेंसिक (न्यायालयिक विज्ञान जांच) सहायता नहीं थी और इन उपायों के संचालन के लिए कोई समर्पित निधि भी नहीं थी। महिलाओं के मुद्दों को सामाजिक सरोकारों के तौर पर देखा जाता था-राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के रूप में नहीं।



**मोदी युग: सुरक्षा से संरचनात्मक सशक्तिकरण तक-** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों के शासन में सुस्त आंशिक प्रतिक्रिया की जगह अब कानूनी सुधार, संस्थानों के दायित्वपूर्ण रवैये और हर महिला के सम्मान से संबधित दृष्टिकोण को मिशन-मोड में अपनाते हुए व्यापक बदलाव किया है।

**कानूनी सुरक्षा, अब राष्ट्रीय प्रतिबद्धता** -सरकार ने देश भर में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (त्वरित न्याय प्रदान करने के लिए स्थापित विशेष न्यायालय) की स्थापना की शुरुआत की और आज ऐसी 745 अदालतें क्रियाशील हैं। इनमें 404 विशेष रूप से यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत मामलों को निपटाती हैं। वर्ष 2014 की तुलना में जब वन स्टॉप सेंटर (शारीरिक, यौन, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक शोषण का सामना करने वाली महिलाओं की सहायता और निवारण संबंधी केंद्र) अस्तित्व में नहीं थे, अब 820 से अधिक जिलों में ये पूरी तरह कार्यान्वित हैं जो हिंसा से प्रभावित किसी भी महिला को एक ही स्थान पर कानूनी सहायता, पुलिस हस्तक्षेप, आश्रय और परामर्श प्रदान करते हैं। इस पारिस्थितिकी तंत्र के हिस्से के रूप में आरंभ की गई राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन 181 ने हर दिन चौबीसों घंटे 86 लाख से अधिक महिलाओं को आपातकालीन सहायता प्रदान की है। इसके अलावा, देश भर में 14,600 से अधिक पुलिस स्टेशनों (पुलिस थाने) में अब महिला हेल्प डेस्क स्थापित हैं, जिनमें महिला अधिकारी मौजूद हैं। यह महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराध की स्थिति में पहले बरते जाने वाली उदासीनता या यहां तक कि आक्रामकता के माहौल की अपेक्षा अधिक संवेदनशीलता और सहायता प्रदान करने के माहौल में बदल गए हैं। निर्भया कोष के ज़रिए सरकार ने वर्ष 2014 से पहले की ढुलमुल प्रतिक्रिया प्रणाली की तुलना में अब महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षा पर केंद्रित 50 से ज़्यादा बड़ी परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

**प्रगतिशील कानूनी संशोधन-** आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 में कुछ आवश्यक सुधारों से शुरुआत के बाद अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और 2023 में संबंधित कानूनों के व्यापक संहिताबद्ध किए जाने से औपनिवेशिक युग के आपराधिक न्यायशास्त्र की जगह अब भारतीय संदर्भ में कानून परिभाषित किए गए हैं।

नए कानूनों में महिलाओं के विरूद्ध सभी अपराधों को एक अध्याय में समेकित किया गया है। पीड़ित के बयानों को वीडियो-रिकॉर्ड किया जाना अनिवार्य बनाया गया है जिसमें संवेदनशीलता बरतने के लिए महिला मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बयान दर्ज कराने को प्राथमिकता दी गई है। डिजिटल स्टॉकिंग (डिजिटल माध्यम से पीछा करना), वॉयरिज्म (रति क्रिया छुपकर देखना) और शादी के झूठे वादे कर शारीरिक शोषण जैसे अपराधों को पहली बार आपराधिक बनाया गया है। कानूनी प्रणाली में अब तेजाब हमलों, मानव तस्करी, सामूहिक बलात्कार और हिरासत में यौन हिंसा के विरूद्ध कठोर दंड की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त, बलात्कार पीड़िता को प्राथमिकी दर्ज करने या आपातकालीन चिकित्सा देखभाल प्रदान न करना भी अपराध माना गया है। पुराने संरक्षणवादी प्रतिबंधों को हटाते हुए महिलाओं को अब कानूनी रूप से किसी भी क्षेत्र में और किसी भी समय काम करने की अनुमति है, जो उनके खुद निर्णय लेने की आजादी की पुष्टि करते हैं। महत्वपूर्ण प्रक्रियागत सुधार भी किए गए हैं जिनमें गवाहों की सुरक्षा और डिजिटल साक्ष्यों को मंजूरी देना शामिल है। यौन हिंसा के मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया को यह पुनर्परिभाषित करता है। ये सभी केवल संशोधन भर नहीं हैं - ये पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रणाली को पुनःस्थापित करते हैं।

**कानून से परे भी सशक्तिकरण-** कानूनी सुरक्षा के दायरे से परे, महिलाओं के प्रति सरकार का दृष्टिकोण सामाजिक, वित्तीय और डिजिटल सशक्तिकरण के व्यापक पहलुओं में कानूनी सुधार लाना है। मातृत्व अवकाश को अब 12 से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया गया है, और 50 से अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों मैं अब क्रेच (बच्चों की देखभाल) की सुविधा प्रदान करना आवश्यक है। महिलाएं अब सशस्त्र बलों में युद्धक-भूमिकाओं में सक्रियता से भाग ले रही हैं। वे सैनिक स्कूलों में प्रवेश पा रही हैं, प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में दाखिला ले रही हैं, और स्थायी कमीशन प्राप्त कर रही हैं। ये ऐसे उल्लेखनीय बदलाव हैं जो पहले उनके लिए बहुत मुश्किल थे। तीन तलाक जैसी भेदभावपूर्ण प्रथाओं को कानूनी तौर पर समाप्त कर दिया गया है, साथ ही महिलाओं को अब पुरुष अभिभावक के बिना भी हज यात्रा करने की अनुमति है। न्याय प्रदान करने को अब समुदाय-आधारित नारी अदालतों और शी-बॉक्स 2.0 जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से विकेंद्रीकृत और डिजिटीकृत किया गया है। इससे सीधे जमीनी स्तर पर समयबद्ध निवारण तंत्र सक्रिय हो गया है।

**सुरक्षित, मजबूत भारत की शुरुआत कानूनी गरिमा से** -वर्ष 2014 से पहले, महिलाओं की सुरक्षा को अक्सर नीति नहीं बल्कि सुर्खियों से प्रेरित प्रतिक्रियात्मक मुद्दे के रूप में देखा जाता था लेकिन आज यह शासन की संरचना में अंतर्निहित है जो वित्त पोषित, फोरेंसिक उपकरणों, कानूनी सुधार और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं द्वारा सहायता प्रदत्त है। अमृत काल में प्रवेश करने के साथ ही अब स्पष्ट दृष्टि है कि इस नए भारत में कोई भी महिला अकेली नहीं है। अब उसकी सुरक्षा विशेषाधिकार नहीं बल्कि सरकार की क्षमता से समर्थित संवैधानिक गारंटी है। यह यात्रा अभी जारी है, लेकिन महिलाओं की सुरक्षा में हम अब तक एक लंबा सफर तय कर चुके हैं। निरंतर राजनीतिक इच्छाशक्ति, सामाजिक भागीदारी और कानूनी प्रतिबद्धता के साथ, भारत निश्चित रूप से एक महिला के रहने, काम करने और नेतृत्व करने का सबसे सुरक्षित स्थान बन सकता है।

## फीचर

# कलाकारों ने साझा की फादर्स डे की दिल को छू लेने वाली यादें

फादर्स डे साल एक ऐसा दिन होता है, जब हम अपने पिता के त्याग, प्रेम और सहयोग को दिल से महसूस करते हैं। इस दिन बच्चे अपने पिता को प्यार भरे तोहफों, यादगार पलों और दिल से की गई भावनात्मक कोशिशों के ज़रिए सम्मान देते हैं। इस खास मौके पर एण्डटीवी के लोकप्रिय कलाकारों -योगेश त्रिपाठी ('हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह) और रोहिताश्व गौड़ ('भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी) ने अपने जीवन के कुछ सबसे भावनात्मक और यादगार पलों को साझा किया।योगेश त्रिपाठी, जोकि दरोगा हप्पू सिंह के किरदार लिए मशहूर हैं, ने कहा, ''मेरे दोनों बच्चे मेरी दुनिया हैं। कुछ साल पहले मेरे बेटे दक्षेश-जिसे मैं 'छोटा हप्पू' कहता हूं, ने मुझे एक बहुत प्यारा सरप्राइज़ दिया। वह मेरी तरह हप्पू सिंह बनकर तैयार हो गया-बालों में तेल, मूंछें, और यहां तक कि एक छोटी सी 'न्योछावर' वाली जेब के साथ! वह मेरे लहजे में 'न्योछावर कर दो!' बोलता हुआ ड्रॉइंग रूम में घूम रहा था। उसकी मासूमियत और अंदाज़ ने मेरा दिल छू लिया। मैं खुशी के मारे रो पड़ा। उस पल मुझे अपने बेटे में मेरा सबसे बड़ा प्रशंसक और सबसे प्यारा आलोचक एक साथ दिखाई दिया। उसकी वो भोली, स्नेहभरी और जोश से भरी हुई नकल, आज तक मेरे जीवन के सबसे दिल छू लेने वाले तोहफ़ों में से एक बनी हुई है। '''भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी उर्फ रोहिताश्व गौड़ ने कहा, ''बेटियाँ बस आपको समझ जाती हैं दृ उनका प्यार गहरा, सहज और बेहद भावुक होता है। मुझे ऐसी दो बेटियों का आशीर्वाद मिला है, जिन्होंने हर फादर्स डे को खास बना दिया है। लेकिन पिछले साल की बात कुछ अलग थी। मेरी बड़ी बेटी गीति, जो अमेरिका में पढ़ाई कर रही है, अचानक बिना बताए मुंबई लौट आई। उसने और मेरी छोटी बेटी संजिति ने मिलकर मुझे एक शांत हिलस्टेशन-'महाबलेश्वर' में वीकेंड ट्रिप पर ले जाने का प्लान बनाया। उन्होंने एक प्यारा-सा कॉटेज बुक किया, मेरे पसंदीदा खाने का इंतज़ाम किया, और ये सुनिश्चित किया कि मैं पूरी तरह रिलैक्स कर सकूं। यह वो ब्रेक था जिसकी मुझे ज़रूरत थी, लेकिन मुझे खुद भी नहीं पता था। हमने एक खूबसूरत लोकेशन पर एक यादगार फोटो भी खिंचवाई-जो अब फ्रेम होकर मेरी दीवार पर लगी है। उस पल ने उनके प्यार को बिना शब्दों के बयां कर दिया। वो याद मेरे लिए हमेशा खास रहेगी।

## सू-दोकू 76

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.075 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## एक नजर

### एएसपी की शहादत पर मंत्री केदार कश्यप ने जताया दुख

**जगदलपुर, 11 जून।** सुकमा में आईईडी विस्फोट पर मंत्री केदार कश्यप ने कहा- आज सुबह सुकमा जिले के एएसपी आकाश राव गिरिपुंजे की शहादत अत्यंत दुखद है, और हमें यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे का हमारे केंद्रीय गृहमंत्री ने संकल्प लिया है और हमारे मुख्यमंत्री लगातार उस दिशा में काम कर रहे हैं।



### शहीद आकाश राव को शहर ने दी विदाई




**कोंटा,11 जून।** सुकमा में हुए नक्सली आईईडी ब्लास्ट में वीरगति को प्राप्त शहीद एएसपी श्री आकाश राव गिरपूंजे जी की अंतिम यात्रा आज रायपुर स्थित कुशालपुर निज निवास से निकली।

जब तक सूरज चांद रहेगा, आकाश तेरा नाम रहेगा । इन गूंजते नारों के बीच, पूरा शहर गमगीन माहौल में झुककर अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई देने उमड़ा।कलेक्टर, निगम आयुक्त, सीईओ जिला पंचायत सहित प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस बल, परिजन व हजारों की संख्या में आमजन श्रद्धांजलि देने उपस्थित रहे।एक साहसी, कर्तव्यनिष्ठ और जनसेवा को समर्पित अफसर को खोना न केवल विभाग की, बल्कि पूरे प्रदेश की क्षति है।

### मधुमक्खियों के हमले में 15 मजदूर घायल,1 महिला की हालत गंभीर

**बालोद, 11 जून।** छत्तीसगढ़ के बालोद में बुधवार को मधुमक्खियों के हमले में 15 मजदूर घायल हो गए. इनमें 1 घायल महिला की हालात गंभीर बताई जा रही है. हमला उस वक्त हुआ जब मजदूर नदी सफाई का काम कर रहे थे. मधुमक्खियों के हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई, काम में लगे मजदूर इधर-उधर भागने लगे।

### बिलासपुर में पूर्व सरपंच पर करोड़ों के गबन का आरोप




**बिलासपुर, 11 जून।** सचिव ने अपनी आईडी का मोबाइल नंबर बदल कर हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। सचिव ने अपनी आईडी का मोबाइल नंबर बदल कर हेराफेरी करने का आरोप लगाया हैबिलासपुर में जनपद पंचायत बिल्हा के ग्राम पंचायत ढेका में पूर्व सरपंच ने करोड़ों की राशि गबन कर ली। सचिव का आरोप है कि, उसकी जानकारी के बिना फर्जी डिजिटल हस्ताक्षर कर कई मद के पैसे किश्तों में निकाली गई। साथ ही बिना बिल-वाउचर के निर्माण कार्य कराया गया।

### 15 जून को होगी एडीईओ भर्ती परीक्षा 8 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

**बलौदाबाजार, 11 जून।** परीक्षा के लिए जिलेभर में 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में केंद्राध्यक्षों और ऑब्जर्वरों की बैठक ली।उन्होंने परीक्षा को संवेदनशील मानते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी प्रोटोकॉल का सती से पालन हो। समय का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एडीईओ भर्ती परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक होगी। जिला प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और सुव्यवस्था के पुता इंतजाम किए हैं।परीक्षा केंद्रों में बलौदाबाजार के शासकीय डीके महाविद्यालय, मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, चक्रस्पाणी शुक्ल हाई स्कूल, एमडीवी हाई स्कूल, रिसदा, संकरी, लाहोद, भाटापारा, पलारी, अर्जुनी, लवन और कसडोल क्षेत्र के प्रमुख विद्यालय व महाविद्यालय शामिल हैं। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा पहली में प्रवेश प्रक्रिया 17 जून से

**दंतेवाड़ा, 11 जून।** आस्था विद्या मंदिर, इंग्लिश मीडियम स्कूल जावंगा के कक्षा 1 में प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में जावंगा गीदम - जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा जिले के एजुकेशन सिटी जावंगा में संचालित संस्था आस्था विद्या मंदिर, इंग्लिश मीडियम स्कूल जावंगा में नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया 17 जून 2025 से प्रारंभ होने जा रही है। यह प्रवेश केवल कक्षा 1 के लिए ही होगी। जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा दंतेवाड़ा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है, इस हेतु प्राथमिकता का क्रम नक्सली हिंसा में अनाथ, नक्सली हिंसा में मातृहीन, नक्सली हिंसा में पितृहिन, नक्सली हिंसा प्रभावित, नक्सली हिंसा से प्रभावित क्षेत्र में निवासरत, सामान्य अनाथ, सामान्य रूप से मातृ-पितृ हीन, गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवार के बच्चों के लिए यह प्रवेश प्रक्रिया है । प्रवेश परीक्षा हेतु समय-सारणी निर्धारित किया गया है जो इस प्रकार है प्रवेश फार्म वितरण दिनांक 17 जून 2025 से 21 जून 2025 तक, प्रवेश फार्म जमा करने हेतु 18 जून 2025 से 30 जून 2025 तक एवं फार्म स्क्रूटनी 01 जुलाई 2025 से दिनांक 08 जुलाई 2025 तक होना तय किया गया है ।

# लव जिहाद विवाद में युवक की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर हुई सुनवाई

बिलासपुर। हाई कोर्ट में युवक द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका की सुनवाई हुई। यह मामला लव जेहाद से जुड़ा हुआ है। तौसीफ मेनन ने युवती को अपनी पत्नी बताते हुए कोर्ट से साथ-साथ रहने की आजादी देने की मांग की है। याचिकाकर्ता ने अपनी पत्नी को कोर्ट में पेश करने की मांग की है। मामले की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिसअरविंद कुमार वर्मा ने दोनों पक्षों को मध्यस्थता केंद्र भेजने का निर्देश दिया है। दोनों पक्ष से बातचीत के बाद मध्यस्थता केंद्र हाई कोर्ट में रिपोर्ट पेश करेगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।कटघोरा निवासी एक कालेज छात्रा 21 अप्रैल 2025 को घर से कालेज जाने के बाद वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने तलाश के बाद



कटघोरा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच के दौरान पता चला कि युवती को तौसीफ मेनन के साथ कोलकाता में देखा गया है। जहां मस्जिद में उसका निकाह कराया गया। पुलिस ने दोनों को कोरबा लाकर पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने युवती को तौसीफ के घर भेज दिया गया। इसके बाद हिंदू संगठनों के हस्तक्षेप के बाद उसे पहले सखी केंद्र और फिर शक्ति सदन कोरबा में रखा गया। तौसीफ ने खुद को युवती का पति बताते हुए हाई कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है।हाई कोर्ट ने 15 मई को याचिकाकर्ता को एक लाख रुपये की राशि कोर्ट में जमा करने का निर्देश दिया था। याचिकाकर्ता ने राशि जमा कर दी है। सुनवाई के दौरान युवती व उसके माता-पिता कोर्ट में उपस्थित थे। परिजनों के अधिवक्ताओं ने कोर्ट को बताया कि युवक ने नाम छिपाकर विवाह किया है, जो अवैधानिक है। कोर्ट ने कहा कि यद्यपि युवती बालिग है और युवक के साथ जाने की बात कह रही है, उसके भविष्य और सुरक्षा को देखते हुए मध्यस्थता आवश्यक है ताकि स्वजनों की भी संतुष्टि सुनिश्चित हो सके। अब मध्यस्थता केंद्र की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।



### गलतबयानी के लिए अरविंद नेताम दीपक बैज और आदिवासी समाज से माफी मांगें :सूरज

**जगदलपुर, 11 जून।** आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसे आदिवासी नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरज कश्यप के द्वारा संबोधित किया गया। सूरज कश्यप ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम और मंत्री केदार कश्यप के द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के संदर्भ में दिये गये।

बयान आदिवासी समाज को अपमानित करने वाला बयान है,अरविन्द नेताम अपनी गलत बयानी के लिए सार्वजनिक माफ़ी नहीं मांगते है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी उनके विरुद्ध सार्वजनिक रूप सामाजिक मंचो पर आवाज उठाई जाएगी।




**अवैध रेत खदानों के संचालन पर कलेक्टर ने माइनिंग अधिकारी को थमाया शोकॉज नोटिस**

**गरियाबंद।** पितई बंद में संचालित अवैध रेत खदान की जानकारी लेने गए पत्रकारों ने माफिया के गुर्गों के हमले के बाद कलेक्टर और एसपी से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की थी. इस पर अब प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है. कलेक्टर भगवान सिंह यूईके ने जिला खनिज अधिकारी रोहित साहू को शोकॉज नोटिस भेजकर अवैध माइनिंग के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने पर जवाब तलब किया है।

# छत्तीसगढ़ के किसान के बेटे ने किया अद्भुत अविष्कार



**खैरागढ़,11 जून।** छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ जिले के एक छोटे से गाँव भरदाकला से निकले मेधावी छात्र खोमन लाल साहू ने अपने असाधारण प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच से न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे राज्य का मान बढ़ाया है। पीएम श्री डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय के छात्र खोमन का चयन जापान सरकार द्वारा संचालित प्रतिष्ठित सकुरा साइंस हाई स्कूल प्रोग्राम 2025 के लिए हुआ है।

### जिले की गर्भवती महिलाओं के लिए लगाए जा रहे विशेष जांच शिविर

**दंतेवाड़ा, 11 जून।** जिले में गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच लगातार बेहतर हो रही है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के तहत दंतेवाड़ा जिले में गर्भवती माताओं के लिए विशेष प्रसव पूर्व जांच शिविरों का आयोजन किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य सभी पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की समय रहते गुणवत्तापूर्ण जांच कर संभावित जटिलताओं की पहचान करना और उन्हें सुरक्षित प्रसव हेतु तैयार करना है।

राज्य शासन के दिशा-निर्देशों एवं कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन के अनुरूप जिले की सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला अस्पतालों में यह अभियान सघन रूप से संचालित हो रहा है। अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से दूरदराज के इलाकों से आई महिलाओं को भी समुचित जांच और देखभाल दी जा रही है।

# बाल श्रम प्रतिषेध दिवस पर 30 जून तक विशेष अभियान

**बीजापुर 11 जून ।** जिला बीजापुर में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार 10 से 30 जून 2025 तक बाल श्रम निषेध अंतर्गत जिले में सघन अभियान चलाने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में महिला बाल विकास अधिकारी श्री कांता मसराम एवं श्रम पदाधिकारी ओम नेताम द्वारा समन्वय कर जिले में आईसीपीएस, श्रम विभाग, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के साथ शहर में प्रचार-प्रसार के लिए रेस्क्यू टीम तैयार किया गया है। जिसके माध्यम से बाल श्रम प्रतिषेध दिवस के अवसर पर जिले के सभी क्षेत्रो में सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थितियो में निवासरत बच्चों के सर्वेक्षण रेस्क्यू हेतु बालको का विभिन्न श्रेणियों के बच्चों का चिंहांकन किया जाना है एसे बच्चे जो बिना किसी सहारे के सड़को पर अकेले रहते हैं ऐसे बच्चे,




दिन में सड़कों में रहते है और रात में निकट की झुग्गी, झोपड़ी बस्तियों में रहने वाले अपने परिवार के पास घर वापस आ जाते है, अपने परिवार के साथ सड़कों पर रहने वाले बच्चे उक्त श्रेणी के बच्चे अपनी उत्तरजिविका भोजन, पानी, वस्त्र आश्रय एवं संरक्षण हेतु विभिन प्रकार के संघर्षो एवं चुनौतियों का सामना करते रहते है ऐसे बच्चों का चिंहांकन किया जाना है, रेस्क्यू टीम द्वारा विकासखण्ड उसूर में जाकर बस स्टैंड, धार्मिक स्थल, होटल एवं ढॉबों, घरेलू कामगार, निमार्णाधीन भवन, घर निर्माण कार्य और गैरेज निर्माण, सार्वजनिक स्थानों में बालश्रम करने वाले बच्चों के तलाश की गई। साथ ही टीम द्वारा उसूर के बस स्टैंड से बाल श्रम निषेध दिवस का प्रचार-प्रसार किशोर न्याय अधिनियम, श्रम निषेध अधिनियम, का पांपलेट बॉटते हुए दुकान, होटल, ढाबों में जाकर चेक किया गया, है, कि श्रमिकों अथवा नौंकरों के रूप में बच्चों को नियोजन तो नहीं किया जा रहा है। साथ ही बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर कर उन्हें शिक्षा दिलाने की ओर अग्रसर करने को कहा गया, अगर 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कारखानों, होटल एवं ढाबो, घरेलू कामगार, ईंट भटटी, खपरैल निर्माण, घर निर्माण कार्य और गैरेज में काम करवाये जाने वाले लोगों पर बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 संशोधित अधिनियम 2016 के अंतर्गत 06 माह से 03 वर्ष तक का कारावास या 20 हजार से 50 हजार तक का जुर्माना या दोनों से दंडित करने का प्रावधान है, यह जानकारी भी प्रचार-प्रसार के दौरान दी गई। इस दौरान श्री दलेश्वर साहू श्रम कल्याण अधिकारी श्री संदीप चिडेम सामाजिक कार्यकर्ता (आई.सी.पी.एस.)श्री आशिष श्रम विभाग राजकुमार निषाद (सामाजिक कार्यकर्ता), श्री राजूराम कश्यप (आउटरीच वर्कर), उपस्थित रहे।

### खाद्य प्रतिष्ठानों में सफाई व गुणवत्ता जांच कर28,000 रुपये का जुर्माना वसूला



**बीजापुर 11 जून ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार बीजापुर शहर के खाद्य प्रतिष्ठानों में गुणवत्ता की जांच एवं सफाई के निरीक्षण के लिए एसडीएम, तहसीलदार, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सीएमओ नगर पालिका की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम के द्वारा शहर के मिठाई दुकानों, होटल, ढाबा, मटन चिकन शॉप, थोक सब्जी दुकानों में साफ सफाई का निरीक्षण किया गया। होटलों में प्रायः देखा जाता है कि एक ही तेल में खाद्य सामग्री कई बार तला जाता है, जिसके कारण उसमें कैंसर पैदा करने वाले तत्व पैदा होते हैं, इसकी जांच के लिए होटल में तलने के लिए प्रयोग किया हुआ तेल का सैम्पल लिया गया। ढाबों में साफ सफाई में कमी पाए जाने पर एवं वेज, नॉनवेज खाद्य पदार्थों को एक साथ एक ही फ्रिज में रखें हुए पाए जाने पर गणपत्ति स्वीट्स से 1000, जायसवाल होटल से 1000, रघु जायसवाल होटल से 500, फर्माइश ढाबा से 5000, बिट्टु ढाबा से 5000, कन्हैया स्वीट्स से 5000, दंतेश्वरी ढाबा से 10 हजार, सब्जी मार्केट से 500 सहित कुल 28 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं थोक सब्जी दुकानों तथा मटन एवं चिकन शॉप में साफ सफाई के लिए टीम द्वारा निर्देशित किया गया। जिन व्यापरियों ने खाद्य लाइसेन्स नहीं बनवाया है वह तत्काल लाइसेन्स बनवा लें।

### वनाधिकार के आवेदनों का ग्रामसभा में करें निराकरण

**बीजापुर 11 जून ।** वनाधिकार पत्र हेतु प्राप्त आवेदनों को 9 से 14 जून तक आयोजित विशेष ग्राम सभा के माध्यम से निराकृत कर जिला स्तर पर प्रस्ताव को 25 जून से पहले भेजने के निर्देश कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने समस्त संबंधित अधिकारियों को साप्ताहिक समय-सीमा के बैठक के दौरान दिए।

वहीं नए शिक्षा सत्र का प्रारंभ होने जा रहा है जिसके लिए व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने सहित चिन्हांकित समस्त शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों को स्कूल से जोड़ने और बच्चों के पुनः प्रवेश हेतु ग्राम सभा में प्रस्ताव कराने को कहा। तथा ग्राम सभा के माध्यम से ही सुशासन तिहार अर्न्तगत शिविर में प्राप्त प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही भी सुनिश्चित करने को कहा।बैठक में नियद नेल्लानार अर्न्तगत सर्वे की एंट्री, नियद नेल्लानार क्षेत्रों में संचालित विकास कार्यो- बिजली, पानी, सड़क, पुल, पुलिया, राशन दुकान, निर्माणधीन, स्कूल भवनों आंगनबाड़ी भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आत्मसमर्पित, नक्सली एवं नक्सल पीड़ित परिवारों के आवश्यक दस्तावेज बनाने सहित बुनियादि सुविधाओं से लाभान्वित करने को कहा गया।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण समस्त अनुभाग के एसडीएम डिप्टी कलेक्टर एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

# रायपुर जिले की 7 नई शराब दुकानों में से खौली सहित 5 आरंग विधानसभा क्षेत्र

**रायपुर ।** अंततः रायपुर जिला में 7 नयी शराब दूकाने खोलने का निर्णय ले इन स्थलों के इच्छुक भवन / परिसर मालिकों से शराब दूकान खोलने निविदा आमंत्रित कर दिया गया है । जिले में कुल 7 शराब दूकान खोला जाना है जिसमें से 5 आरंग विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में है । शराब दूकान खोलने के अफवाह मात्र से ही पूर्व में आंदोलित हो चुके इस विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खौली सहित पलौद व नया रायपुर सेक्टर 9 में कंपोजिट देशी मदिरा दूकान व भैंसा तथा समोदा में कंपोजिट विदेशी मदिरा दूकान जहां खुलेगा वहीं अन्य विधानसभा क्षेत्र के एक ग्राम टेमरी में कंपोजिट विदेशी मदिरा दूकान व एक ग्राम दोदेखुर्द में कंपोजिट देशी मदिरा दूकान खुलेगा ।

कार्यालय कलेक्टर ( आबकारी ) के नाम से उपायुक्त आबकारी के हस्ताक्षर से बीते कल 10 जून को जारी निविदा में आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ के द्वारा जारी किये गये बीते 2 जून के आदेश का हवाला देते हुये जारी निविदा में इन ग्रामों में शराब दूकान हेतु जगह मुहैया कराने के इच्छुक व्यक्तियों से अपने भवन / परिसर के मालिकाना हक के दस्तावेज सहित रेट सीलबंद लिफाफा में आसन्न 2 जुलाई तक जमा करने कहा गया है और उसी दिन निविदा खोलने की भी जानकारी दी गयी है । शराब विरोधी मुहिम से जुड़े किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने इस सरकारी फरमान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा है कि बीते 31 मई को चलाये जा रहे सरकारी सुशासन तिहार के समापन के बाद अब लग रहा है कि प्रशासन ने कुशासन त्यौहार मनाने की शुरुआत कर दी है।

# हथियार लेकर सोशल मीडिया पर शेखी बघारने वालों की अब खैर नहीं



**भिलाई, 11 जून।** अपने फॉलोवर्स बढ़ाने और सोशल मीडिया पर रौब जमाने युवा अलग-अलग पैतरें आजमा रहे हैं, लेकिन यही पैतरें उन्हें अक्सर भारी भी पड़ रहे हैं। कभी बाइक पर स्टंट तो, कभी हाथ में हथियार लेकर फोटो-वीडियो पोस्ट कर अपनी दबंगाई दिखा रहे हैं, ताकि उनका मोहल्ले और शहर में रुतबा बना रहे,लेकिन अब ऐसे छपरी यूथ और गुंडे बदमाशों पर कार्रवाई करने दुर्ग पुलिस पूरी तरह एक्शन में आ चुकी है। सोशल मीडिया में हथियारों के साथ वीडियो फोटो पोस्ट करने वाले लोगों पर न सिर्फ दुर्ग पुलिस आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है, बल्कि उनसे अब 50 हजार से 1 लाख रुपए तक का बॉन्ड भी भराया जा रहा है। पहली कार्रवाई के बाद दोबारा वह हथियारों के संग नजर आया तो उसे यह रकम सरकार के पास जमा करानी होगी, वरना उसे सलाखों के पीछे जाने के लिए तैयार रहना होगा।

# जमीन विवाद में छोटे भाई ने की बड़े की हत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 11 जून।** भिलाई में एक भाई ने अपने ही सगे भाई की हत्या कर दी। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है छावनी थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने फरार आरोपी छोटे भाई को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने बताया कि छावनी थाना अंतर्गत मंगलवार रात्रि में हुए हत्याकांड का आरोपी राज सिंह उर्फ राम शंकर उर्फ़ राजेश को देर रात पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पूछताछ चल रही है। आज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। घटना में प्रयुक्त हथियार को भी जब्त कर लिया गया है।वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम और आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है यह है पूरा मामला मृतक महेंद्र सिंह का अपने छोटे भाई राज सिंह के साथ जमीन का विवाद चल रहा था। आए दिन दोनों के बीच इस बात को लेकर झगड़ा होता था। मंगलवार सुबह से ही दोनों के बीच जमीन को लेकर झगड़ा हुआ। देर रात तक यह झगड़ा और भी ज्यादा बढ़ गया इसके बाद छोटे भाई राज सिंह ने पास में रखी कुल्हाड़ी से बड़े भाई महेंद्र पर हमला कर दिया जिससे बड़े भाई की मौत हो गई बड़े भाई को मार कर छोटा भाई मौके से फरार हो गया था छावनी थाना पुलिस घटना की सूचना मिलते ही मंगलवार रात मृतक के नंदनी रोड स्थित मकान पर पहुंची। जहां पर खून से लथपथ मृतक का शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक के परिजनों ने बताया की दोनों परिवार एक ही घर में रहते हैं। लेकिन रसोई अलग-अलग है। जमीन और प्रॉपर्टी को लेकर दोनों भाइयों के बीच में लंबे समय से विवाद चल रहा था बीती रात को यह विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया।



### संकल्प से सिद्धि अभियान के लिए भाजपा ने 16 मंडल संयोजक एवं सहसंयोजकों की सूची जारी की

**राजनंदगांव।** मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी 9 से 21 जून तक संकल्प से सिद्धि जनसंपर्क अभियान चलाने जा रही है ।भाजपा के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचना है, इसमें आर्थिक प्रगति, सैन्य पराक्रम (ऑपरेशन सिंदूर) पर्यावरण पर जागरूकता, आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम और जनकल्याणकारी योजनाओं को जानकारी दी जाएगी।



**गरियाबंद।** किडनी की बीमारी से ग्रसित लोगों का गांव सुपेबेड़ा के साथ आस-पास के 9 गांवों में तेल नदी से फ्लोराइड रहित पेयजल उपलब्ध कराने बनाई गई सामुदायिक जल प्रदाय योजना 8 माह बाद भी परवान नहीं चढ़ी है. अतरिक्त समय देने के बावजूद ठेकेदार अब तक महज 30 फीसदी काम ही कर पाया है. स्थिति को देखते हुए अब ठेकेदार पर कार्रवाई की तैयारी है।

### तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन कॉउंसिलिंग

**बीजापुर 11 जून ।** सत्र 2025-26 में छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन कॉउंसिलिंग द्वारा होगा। इस हेतु अभ्यर्थी विभागीय पर उपलब्ध कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, की अधिसूचना, छत्तीसगढ़ की पॉलीटेक्निक संस्थाओं के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन कॉउंसिलिंग की प्रक्रिया का अवलोकन किया जा सकता है।वहीं ऑनलाइन कॉउंसिलिंग हेतु प्रथम चरण का पंजीयन 11 जून 2025 प्रातः 10:00 से 15 जून 2025 रात्रि 11:59 बजे तक, मेरिट सूची जारी 17 जून 2025 सायं 5:00 बजे तक, दावाआपत्ति के लिए 18 जून 2025 सायं 5:00 बजे आमंत्रित की गई है तथा 20 जून को दावाआपत्ति का निराकरण पश्चात रिजल्ट जारी की जाएगी एवं 21 जून 2025 प्रातः 10:00 बजे से 24 जून 2025 सायं 5:30 बजे तक प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी। वहीं द्वितीय चरण हेतु पंजीयन 26 जून 2025 प्रातः 10:00 से 29 जून 2025 रात्रि 11:59 बजे तक, मेरिट सूची जारी 01 जुलाई 2025 सायं 5:00 बजे तक, दावाआपत्ति के लिए 02 जुलाई 2025 सायं 5:00 बजे आमंत्रित की गई है तथा 04 जुलाई 2025 को 4:00 रिजल्ट जारी की जाएगी एवं 05 जुलाई 2025 प्रातः 10:00 बजे से 08 जुलाई 2025 सायं 5:30 बजे तक प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी एवं तृत्तीय चरण हेतु पंजीयन 10 जुलाई 2025 10:00 बजे से 13 जुलाई 2025 रात्रि 11:59 बजे तक, मेरिट सूची जारी 15 जुलाई 2025 सायं 5:00 बजे तक, दावाआपत्ति के लिए 16 जुलाई 2025 सायं 5:00 बजे आमंत्रित की गई है तथा 18 जुलाई 2025 को 4:00 रिजल्ट जारी की जाएगी एवं 19 जुलाई 2025 प्रातः 10:00 बजे से 22 जुलाई 2025 सायं 5:30 बजे तक प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी

## एक नजर

### स्टॉक मार्केट एक्सचेंज में लिस्टिंग पर कार्यशाला 12 जून को

**रायगढ़, 11 जून।** राज्य में आरएएमपी योजना के क्रियान्वयन के तहत स्टॉक मार्केट एक्सचेंज के माध्यम से अल्टरनेटिव फाइनेंसिंग पर 12 जून 2025 को प्रातः 10 बजे से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, लोचन नगर पहाड़ मंदिर रोड रायगढ़ में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में एसएमई एक्सचेंज में लिस्टिंग की प्रक्रिया और इससे संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रायगढ़ द्वारा जिले के समस्त सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों के प्रतिनिधियों व अन्य संबंधित कार्यकारी विशेषज्ञों से कार्यशाला में भाग लेने हेतु अपील की गई है।

### महिला स्व-सहायता समूहों के चयन के लिए अंतिम चयन एवं प्रतीक्षा सूची जारी

**रायगढ़, 11 जून।** सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत पूरक पोषण आहार व्यवस्था अंतर्गत रेडी टू ईट फोर्टिफाईड आटा का परियोजना स्तर पर स्थापित यूनिट के माध्यम से निर्माण एवं आपूर्ति हेतु बाल विकास परियोजना-रायगढ़ शहरी, रायगढ़ ग्रामीण, तमनार, घरघोड़ा, लैलूंगा, मुकडेगा, धरमजयगढ़ एवं कापू तथा खरसिया, जिला-रायगढ़ अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह का चयन किए जाने अभिरूचि का प्रस्ताव जारी कर आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसमें निर्धारित तिथि व समय तक प्राप्त आवेदनों से पात्र व अपात्र एवं अंकों के विवरण सूची जारी कर 4 जून तक दावा-आपत्ति मंगाए गए थे। जिसमें प्राप्त दावा-आपत्ति का निराकरण जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा किया जाकर अंतिम चयन एवं प्रतीक्षा सूची तैयार किया गया है। उक्त सूची कार्यालय के सूचना पटल व रायगढ़ जिले के वेबसाईट https://raigarh.gov.in में अवलोकन कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### पूरक पोषण आहार अंतर्गत मंगाए गए आवेदनों से पात्र-अपात्र की सूची जारी

**रायगढ़, 11 जून।** सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत पूरक पोषण आहार व्यवस्था अंतर्गत रेडी टू ईट फोर्टिफाईड आटा का परियोजना स्तर पर स्थापित यूनिट के माध्यम से निर्माण एवं आपूर्ति हेतु बाल विकास परियोजना पुसौर जिला-रायगढ़ अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूह का चयन किए जाने अभिरूचि का प्रस्ताव जारी कर आवेदन मंगाए गए थे। जिसमें निर्धारित तिथि व समय तक प्राप्त आवेदनों से पात्र व अपात्र एवं अंकों का विवरण सूची का प्रकाशन किया जा रहा है।उक्त सूची अनुसार महिला स्व-सहायता समूह अपना दावा-आपत्ति आवेदन/अभ्यावेदन 16 जून 2025 तक कार्यालयीन समय में सायं 5.30 बजे तक जिला स्तरीय चयन समिति को कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रायगढ़ में रजिस्टर्ड डाक/कोरियर के माध्यम से अथवा कार्यालय में सीधे प्रस्तुत कर सकते है।

### एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने 12 जून को यहां लगेंगे शिविर

**रायगढ़, 11 जून।** जिला परिवहन द्वारा एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने हेतु 12 जून 2025 से आगामी दिनांक तक प्रातः 10 बजे से जिले के सभी जनपद में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए मोबाइल नंबर भी जारी किए गए है। वाहन चालक उक्त मोबाइल नंबर संपर्क कर सकते है। इसी कड़ी में रायगढ़ जनपद में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए मोबा.नं.92021-73820 में संपर्क कर सकते है। इसी तरह खरसिया जनपद में मोबा.नं. 79870-06730, 98274-80926, पुसौर जनपद में मोबा.नं.99382-16164, तमनार जनपद में मोबा.नं.8770778640, घरघोड़ा जनपद में मोबा.नं. 9302740057, धरमजयगढ़ जनपद में मोबा.नं.8839227177 तथा लैलूंगा जनपद में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए मोबा. नं.83191-82386 में संपर्क कर सकते है।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण करने के दिए निर्देश

कांकेर 11 जून। जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें पीएम आवास, सीसी सड़क निर्माण, शासकीय भूमि से बेजा कब्जा हटाने, सीमांकन, अतिक्रमण, विद्युतीकरण आदि मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ। इस पर श्री कुर्रे ने संबंधित विभागों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# विनोबा एप में उत्कृष्ट कार्य के लिए दो शिक्षक सम्मानित



**रायगढ़, 11 जून।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में ओपन लिंक फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वेंकट राव ने बताया कि ओपन लिंक फाउंडेशन जिले में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। जिसमें रायगढ़ ब्लॉक से उत्कृष्ट कार्य के लिए दो शिक्षक को विनोबा एप में ब्लॉक स्तरीय विजेता होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ श्री जी.आर.जटवार एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक रायगढ़ श्री मनोज अग्रवाल ने प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया है। सम्मानित होने वाले शिक्षिक में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगोरा से नरेश कुमार यादव एवं शासकीय प्राथमिक शाला छूहीपाली से तेजराम साहू है। अप्रैल माह में शिक्षक ने अपने कार्यों और नवाचारी गतिविधियों को विनोबा एप में अपलोड किया था। विनोबा एप में अपलोड की गई गतिविधियों के विश्लेषण पश्चात उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक को चयनित किया गया था।विनोबा भावे की टीम जिले में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए एफ एलएन एवं अन्य शाला के कार्यों में सहयोग के साथ शाला के गतिविधि में भी सक्रिय रही है। कार्यक्रम में उपस्थित विनोबा टीम से प्रोजेक्ट ऑफिसर पायल सिन्हा ने शिक्षक और ब्लॉक को बधाई दी।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर 23 जून तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़, 11 जून ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत सेक्टर किरोड़ीमल नगर अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कछार क्रमांक 1 ग्राम पंचायत कछार में रिक्त सहायिका के 01 पद की पूर्ति हेतु 23 जून 2025 तक आवेदन मंगाए गए है। आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति से संबंधित निर्देश व नियम शर्तो के संबंध में परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

# कलेक्टर ने प्रभारी खनिज अधिकारी को नोटिस जारी किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 11 जून।** कलेक्टर गरियाबंद ने प्रभारी खनिज अधिकारी रोहित कुमार साहू को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि दिनांक 9 जून 2025 को पितईबंद में अवैध रेत खनन के दौरान खबर कवरेज करने गए पत्रकारों पर गुर्गों द्वारा हमला किया गया, जिसकी जानकारी के बावजूद संबंधित अधिकारी द्वारा समय पर कोई विभागीय कार्यवाही नहीं की गई।

पत्र में यह भी उल्लेख है कि अधिकारी का यह आचरण कर्तव्य परायणता के विपरीत है और उन्होंने उदासीनता, सुस्त रवैया एवं कर्तव्य के प्रति हल्केपन का परिचय दिया है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 03 का उल्लंघन है। कलेक्टर ने उनसे 24 घंटे के भीतर संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करने को कहा है, अन्यथा उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1965 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।मामला उस समय चर्चा में आया जब पितईबंद रेत खदान में कवरेज कर रहे पत्रकारों पर रेत माफिया के गुर्गों ने जानलेवा हमला किया था। इसके बाद पूरे प्रदेश में पत्रकार संगठनों ने भारी आक्रोश जताया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

### शंकर नगर में नाला के स्लोप मेन्टेन्स पर विशेष ध्यान दें:महापौर

**दुर्ग,11 जून।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 शंकर नगर निर्माणधीन नाले का निरीक्षण करने महापौर श्रीमती अलका बाघमार पहुँची। बुधवार सुबह महापौर अलका बाघमार द्वारा बाज़र एवं राजस्व प्रभारी व पार्षद शेखर चन्द्राकर एवं टीम सहित वार्ड नागरिको के साथ शंकर नगर सुभाष स्कूल के पीछे से लेकर गजानंद मंदिर चौक तक 43 लाख की लागत से निर्मित की जा रही नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। आपको बता दे कि हर शंकर नगर क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी नही होने के कारण महापौर श्रीमती बाघमार व राजस्व प्रभारी श्री चन्द्राकर के निर्देश पर निर्मित नाला निर्माण का बहाव अन्य नाला की तरफ जोड़ा गया है।

# पति ने टंगिया से पत्नी और बेटे पर किया हमला, दोनों की मौत

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में सनकी युवक ने पत्नी और बेटे पर कुल्हाड़ी से वार कर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद मौके पर मैनपाट पुलिस पहुंची और दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। डबल मर्डर की वारदात के बाद इलाके में सनसनी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रही है।जानकारी के मुताबिक, घटना कमलेश्वर थाना क्षेत्र का है। आरोपी युवक अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। आये दिन इसी बात को लेकर विवाद भी करता था। घटना वाले दिन भी इसी बात को लेकर पत्नी से झगड़ा हुआ। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने घर में रखी कुल्हाड़ी से पत्नी के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। पत्नी जब लहूलुहान हालत में जमीन पर गिरी तो वहां मौजूद 5 वर्षिय बालक पर भी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।घटना की जानकारी आस-पड़ोस के लोगों को हुई तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान दोनों मां-बेटा की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। युवक ने हत्या की बात कबूल कर ली है। इधर, पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## तीन अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार 105 किलो गांजा बरामद

**रायगढ़ ।** जिले की पुलिस ने पड़ोसी राज्य से कार में गांजा लेकर आ रहे तीन अंतरराज्यीय तस्करों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 105 किलो गांजा के अलावा, दो कार, मोबाईल फोन समेत कुल 44.85 लाख का मादक पदार्थ गांजा पकड़ा है। मिली जानकारी के मुताबिक जूटमिल थाना प्रभारी प्रशांत राव आहेर को मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिसा के कनकतुरा से दो अलग-अलग कारों में कुछ लोगों के द्वारा भारी मात्रा में गांजा लेकर बड़माल रेलवे लाइन किनारे होते हुए रायगढ़ की ओर आने वाले हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए बडमाल रेलवे लाइन किनारे ओडिसा सीमा से लगे मार्ग पर बैरिकेडिंग करके दो कारों को रोका गया जिसमें एक ग्रे कलर की स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक ओआर 17 जी 4546 और दूसरा ब्लैक कलर की ग्रैंड विटारा सीजी 13 बीबी 9200 की तलाशी में कुल 103 पैकेट में भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ जिसका वजन करने पर कुल 105 किलो निकला। जूटमिल पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है वहीं फरार दो अन्य गांजा तस्करों की तलाश तेज कर दी गई है। रायगढ़ पुलिस द्वारा यह लगातार दूसरी बड़ी मादक पदार्थ बरामदगी है।

# अवैध शराब बिक्री व अतिक्रमण से त्रस्त ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन




**रायपुर,11 जून ।** ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों के बारम्बार मनाही के बाद भी अवैध शराब ब्रिक्री से बाज न आ चुनौती देते हुये शराब बेचने व अतिक्रमण करने वालों से त्रस्त हो पंचायत प्रस्ताव ले ग्राम संकरी ( जावा ) के ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सरपंच श्रीमती लीना विक्की वर्मा की अगुवाई में मंदिर हसौद थाना प्रभारी व तहसीलदार को ज्ञापन सौंप अवैध थाना प्रभारी से जहां शराब बिक्री में लिप्त तत्वों के खिलाफ ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही करने की मांग की वहीं तहसीलदार से हर हाल में अतिक्रमण हटवाने की गुजारिश की ।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार 15 सौ की आबादी वाले इस ग्राम में 3-4 शराब कोचियों ने आतंक मचा रखा है । इसमें कथित रूप से सरपंच परिवार का एक व्यक्ति भी शामिल है । इनमें से अधिकांश अधिकतर आरंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लखौली व आरंग शराब भट्ठी से शराब ला बेचते हैं। लगातार समझाईश के बाद भी हरकतों से बाज नहीं आने पर बैठक पश्चात सर्वसम्मति से इनके खिलाफ शंखनाद करने का निर्णय लेते हुये प्रथम चरण में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया । इसी तरह पूर्व में अतिक्रमण मुक्त कराये गये इस ग्राम में कतिपय विध्नसंतोषियों द्वारा बेजा कब्जा कर ग्रामीण व्यवस्था बिगाड़ ग्रामीणों को चुनौती देने वालों के खिलाफ भी कार्यवाही की मांग को ले तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने का फैसला लिया गया । प्रतिनिधि मंडल में सरपंच के साथ उपसरपंच श्रीमती सरिता शिवा साहू , पंचगण श्रीमती सुनीता साहू , गोपी साहू , भूपेंद्र कुर्रे , श्रीमती राजकुमारी जांगड़े , डा खेमनलाल साहू , कुबेर दास मानिकपुरी , श्रीमती चंद्रकला यादव , कमलेश राव , श्रीमती मंगतीन वर्मा सहित ग्राम में रचनात्मक कार्यों में सक्रिय निखिल वर्मा , गिरवरदास मानिकपुरी , राजू जांगड़े व शिवनारायण साहू आदि शामिल थे । इधर शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा से मुलाकात करने आये ग्रामीणों को जानकारी दी कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डाक्टर लाल उमेद सिंह को संकरी सहित ग्राम कठिया , टेकारी व? चंदखुरी के जमीनी हकीकत से कुछ दिनों पूर्व ही अवगत करा दिया गया है।

### देवेन्द्र नगर में ब्रह्माकुमारी संस्थान का राजयोग अनुभूति शिविर

**रायपुर, 11 जून।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नारायणा हास्पीटल के सामने सुनिता हाईट्स देवेन्द्रनगर में स्थित सेवाकेन्द्र में तनाव मुक्त जीवन विषय पर आयोजित - राजयोग अनुभूति शिविर का शुभारम्भ शहीद हेमू कालाणी वार्ड की पार्षद कृतिका जैन, ब्रह्माकुमारी गंगा दीदी, ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी और बग्रह्माकुमारी सुनिता दीदी ने दीप प्रज्वलित करके किया।

ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने कहा कि खुशी हम आत्माओं का स्वाभाविक गुण है। इसे बाहर ढूँढने की जरूरत नही है। जब हम भौतिक पदार्थों में या किसी बाह्य वस्तुओं में खुशी को ढूँढने लगते है तब हम अपना रिमोट दूसरों के हाथों में सौप देते हैं। अच्छे स्वास्थ्य के लिए जीवन में खुशी का होना बहुत जरूरी है। यह हमें तनाव से भी दूर रखता है।उन्होंने आगे बतलाया कि तनाव हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम कर देता है। कोविड के दौरान हमने देखा कि कैसे रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने के कारण लोग कोविड का शिकार बन रहे थे और अपनी जान गंवा रहे थे। स्वस्थ रहने के लिए अपने मनोबल को बढ़ाने की आवश्यकता है। यदि बहुत गुस्सा आता है, चिड़चिड़ हो रहे हैं, अकेलापन महसूस हो रहा है, मन में किसी प्रकार का डर बना रहता है या आत्महत्या का विचार आता है तो समझ लेना चाहिए कि मनोबल कमजोर है। यह सभी तनाव के लक्षण हैं। मनोबल को मेडिटेशन के द्वारा बढ़ाने की जरूरत है।इस अवसर पर उपस्थित पार्षद कृतिका जैन ने कहा कि हमें चिन्ता नहीं बल्कि चिन्तन करने की आवश्यकता है। चिन्ता हमें अस्वस्थ करता है। इसलिए चिन्ता को चिता समान माना जाता है।देवेन्द्र नगर सेवाकेन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी गंगा दीदी ने कहा कि आजकल प्रतिस्पर्धा के युग में जीवन के हर क्षेत्र में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिसके कारण तनावजन्य परिस्थितियॉं भी बढ़ती जा रही हैं। ऐसे वातावरण में शान्ति की गहन अनुभूति करने के लिए राजयोग का अभ्यास सभी के लिए बहुत लाभकारी है। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी सुनिता दीदी ने किया।

### कैंसर के सामान्य लक्षणों के बारे में सीएमएचओ ने दी जानकारी

**रायगढ़, 11 जून।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत ने कैंसर के सामान्य लक्षणों के बारें में जानकारी देते हुए बताया कि बिना किसी कारण वजन कम होना तथा कमजोरी आना, भूख कम लगना अथवा खाना निगलने में कठिनाई होना, मुंह के जख्मों का ना भरना, स्तन व गर्दन में दर्द रहित गांठ बन जाना, योनि से अधिक रिसाव या रक्तस्त्राव होना, (मासिक धर्म के अतिरिक्त या बंद होने के बाद ), शौच एवं पेशाब की आदतों में परिवर्तन होना।कैंसर महिलाओं में होने वाली सबसे गंभीर समस्या सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा के स्तर में असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि होना। गर्भाशय ग्रीवा महिला प्रजनन प्रणाली का हिस्सा है और गर्भ के निचले हिस्से में स्थित है। जो गर्भ से योनि तक खुलती है। इस कैंसर को बच्चेदानी के कैंसर के नाम से भी जाना जाता है। जो ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) संक्रमण के कारण होते है। सर्वाइकल कैंसर के सबसे आम लक्षण और शुरूवाती संकेत है जैसे पीरियड्स के बीच ब्लीडिंग, मेनोपॉज के बाद खून बहना, तेज गंध के साथ योनि से स्त्राव, रक्त के साथ योनि से स्त्राव, यूरिन करते समय दर्द महसूस होना। तो इसके लिये बेहद जरूरी है कि नियमित रूप से पैपस्पीयर जांच कराएं और इसकी मदद से आप गर्भाशय ग्रीवा में होने वाली असामान्यताओं का पता लगा पाएंगे। धूम्रपान करने से बचे, इससे बीमारी का खतरा और भी बढ़ जाता है। एचपीवी के कई प्रकार है जिनमें से कुछ उच्च जोखिम वाले प्रकार पाये जाते है जिसमें सर्वाइकल कैंसर बनने से पहले सर्वाइकल घावों का कारण बनते है। सीएमएचओ डॉ. ने जगत लोगों से अपील की है कि इस प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

### सरपंच की कार्यशैली के खिलाफ उपसरपंच और पंचों ने खोला मोर्चा, नेशनल हाइवे पर किया चक्काजाम



**कवर्धा।** सरपंच की कार्यशैली से नाराज उप सरपंच और पंचों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बुधवार को रायपुर-जबलपुर नेशनल हाइवे-30 पर चक्का जाम कर दिया. पंचायत प्रतिनिधियों के विरोध प्रदर्शन की वजह से एक तरफ जहां सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई है, वहीं राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

### कांग्रेस विधायक पर मारपीट और गोली मारने की धमकी का आरोप

**चाम्पा, 11 जून।** कांग्रेस विधायक बालेश्वर साहू एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। शंकरनगर स्थित उनके निवास में एसी की बाहरी यूनिट को लेकर शुरू हुआ पड़ोसियों से विवाद अब थाने तक पहुंच गया है। पड़ोसी के रिश्तेदार ने विधायक पर मारपीट और गोली मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है जबकि विधायक ने भी अपने साथ अभद्र व्यवहार और धमकी की शिकायत की है। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर कार्यक्रम आयोजन करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कांकेर 11 जून ।** भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली की नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमाण्ड रिडक्शन अंतर्गत नशामुक्त भारत अभियान का संचालन समस्त जिलों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले में 26 जून को अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर नशामुक्त भारत अभियान के बैनर के साथ जनसामान्य की सहभागिता से रैली का आयोजन किया जाए। साथ ही महाविद्यालय, विद्यालयों में नशामुक्त पर केन्द्रित चित्रकला, भाषण, गीत, नृत्य, नाटक, स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन करने कहा गया है। अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत से जिला स्तर तक विभिन्न माध्यमों से नशापान के दुष्परिणामों का प्रचार-प्रसार, निवारक, शिक्षा तथा नशामुक्ति पर केन्द्रित सेमीनार, गोष्ठियां, सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि का आयोजन करने के निर्देश भी उन्होंने दिए हैं। इसके अलावा मैराथन या ड्रग्स के खिलाफ दौड़, ड्रगमुक्त खेल टूर्नामेंट (जैसे, वॉलीबॉल, फुटबॉल) योग और फिटनेस कैंप, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता, नशा विरोधी संदेशों के लिए भित्तिचित्र दीवार, नुक्कड़ नाटक, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यशालाएं के साथ सभी सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और हॉट स्पॉट क्षेत्रों में प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी। नशा तथा एड्स प्रभावी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार के साथ आयोजन स्थल से ही एनएमबीए मोबाइल एप पर आयोजित कार्यक्रमों का फोटोग्राफ्स, वीडियोग्राफ्स समाज कल्याण विभाग कांकेर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

### चार दिव्यांगों को मिले सहायक उपकरण

**कांकेर 11 जून ।** जिले के 04 दिव्यांगजनों को गत 09 जून को जिला पंचायत परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा 04 को श्रवण यंत्र एवं एक को व्हील चेयर उपकरण प्रदाय किया गया। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम सरोना के खुशहाली चन्द्रवंशी, दुर्गूकोंदल के ग्राम डांगरा निवासी ईश्वर लाल मरकाम और चारामा विकासखण्ड के ग्राम जैसाकर्रा की पूर्णिमा निषाद को श्रवण यंत्र प्रदाय की गई। इसी प्रकार नरहरपुर के ग्राम रावस निवासी संदीप मण्डावी को व्हील चेयर प्रदाय किया गया। श्रवण यंत्र मिलने पर पूर्णिमा निषाद ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें कान की समस्या है और विद्यालय में पढ़ाई के दौरान सुनने में दिक्कत होती थी।

### आदिवासी कन्या एवं बालक क्रीड़ा परिसर में प्रवेश तिथि निर्धारित

**कांकेर 11 जून ।** शासकीय आदिवासी कन्या क्रीड़ा परिसर कांकेर में वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश परीक्षा विकासखण्ड स्तर पर 19 एवं 20 जून को तथा जिला एवं राज्य स्तर के लिए 25 एवं 26 जून को सुबह 11 बजे से कन्या क्रीड़ा परिसर छात्रावास के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि संस्था के प्रशिक्षित व्यायाम शिक्षकों द्वारा 10 बैटरी परीक्षण (गति परीक्षण 50 मी. दौड़, उछाल परीक्षण, शटल रेस, गतिशील स्फूर्ति, शक्ति परीक्षण, अपर बॉडी बेडिंग, पुश-अप्स, लेग-रेजिंग, सिट-अप्स, सहन शक्ति दौड़ बालिका 400 मी.) के माध्यम से शारीरिक दक्षता का मूल्यांकन कर प्रवीण्यता के आधार पर खिलाड़ी छात्राओं का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कन्या क्रीड़ा परिसर के छात्रावास में प्रवेश के लिए केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग की कक्षा 06वीं से 12वीं की छात्राएं पात्र होंगी।

कक्षा 10वीं एवं 12वीं में सीधे छात्राओं को यदि कोई खिलाड़ी बालिका राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिता में सम्मिलित हुई हों तो उन्हें चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। कक्षा 6वीं से 8वीं की छात्राओं जिनकी आयु 14 वर्ष से कम एवं 09वीं से 11वीं तक अध्ययनरत् छात्राओं की आयु सीमा 18 वर्ष से कम निर्धारित है। माध्यमिक वर्ग की छात्राओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि क्रीड़ा परिसर के लिए चयनित छात्राओं को अनुसूचित जनजाति वर्ग का जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से लाना होगा। चयनित खिलाड़ी छात्राओं को शासन की ओर से कन्या क्रीड़ा परिसर कांकेर में निःशुल्क आवासीय व्यवस्था, भोजन एवं खेल सामग्री आदि की सुविधाएं दी जाती है।

इसी प्रकार शासकीय आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर नरहरपुर के लिए प्रवेश परीक्षा विकासखण्ड स्तर पर 20 एवं 21 जून तथा जिला एवं राज्य स्तर हेतु 24 एवं 25 जून को सुबह 10 बजे से बालक क्रीड़ा परिसर छात्रावास के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। संस्था के प्रशिक्षित व्यायाम शिक्षकों द्वारा 10 बैटरी परीक्षण (गति परीक्षण 100 मी. दौड़, उछाल परीक्षण, शटल रेस, गतिशील स्फूर्ति, शक्ति परीक्षण, अपर बॉडी बेडिंग, पुश-अप्स, लेग-रेजिंग, सिट-अपूस, सहन शक्ति दौड़ 400 एवं 800 मी.) के माध्यम से शारीरिक दक्षता का मूल्यांकन कर प्रवीण्यता के आधार पर खिलाड़ी छात्रों का चयन किया जाएगा। सहायक आयुक्त ने बताया कि बालक क्रीड़ा परिसर के इस छात्रावास में प्रवेश के लिए केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग की कक्षा 06वीं से 9वीं के छात्र पात्र होंगे।

कक्षा 6वीं से 8वीं की छात्र जिनकी आयु 14 वर्ष से कम एवं 09वीं में अध्ययनरत् छात्रों की आयु सीमा 18 वर्ष से कम निर्धारित है।

# राज्य खेल अलंकरण पुरस्कार के लिए 26 जून तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़, 11 जून।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाडियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को प्रदान किये जाते हैं।

जिला कार्यालय रायगढ़/संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण रायपुर में राज्य खेल संघो से अनुसंशा सहित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26 जून 2025 कार्यालयीन समय तक निर्धारित की गई हैं, खिलाड़ी को एक से अधिक अलंकरण/सम्मान हेतु पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्रों का प्रारूप मय विस्तृत सूचना/जानकारी खेल विभाग की वेबसाईट https://sportsyw.cg.gov.in पर उपलब्ध है। वर्ष 2023-24 में (01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक) एवं वर्ष 2024-25 में (01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) जिन खिलाडियों ने सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया है, वे खिलाड़ी जिला कार्यालय एवं अपने खेल संघो आवेदन फार्म प्राप्त कर निर्धारित अंतिम तिथि 26 जून 2025 तक संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण छ.ग. रायपुर या कार्यालय सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण जिला-रायगढ़, रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर में कार्यालयीन समय में अपना आवेदन निर्धारित दस्तावेज सहित जमा कर सकते है। इसी प्रकार उक्त वर्षो में खेल वृत्ति (डाईट मनी) के लिये जिन खिलाडियों ने अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया हो, खेलवृत्ति हेतु आवेदन कर सकेंगें। खेलवृत्ति की अधिकतम आयु 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। खेल संघो से प्रोत्साहन के लिए उनके द्वारा वर्ष 2023-24 में (01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक) एवं वर्ष 2024-25 में (01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) अर्जित की गई उपलब्धि के लिए प्रेरणा निधि के आवेदन जिला कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा कर सकेंगें।

प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाडियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है, जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया हो या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो। इसी प्रकार जूनियर वर्ग के उन खिलाडियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है, जिनके द्वारा जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत 5 वर्षो में चार बार सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला, पुरूष खिलाडियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है। प्रशिक्षकों/निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है। खेल से जुड़े 55 वर्ष या अधिक उम्र के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या संबंधित ने ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में किए हो, जिसके आधार पर उन्हें सम्मानित किये जाने हेतु विचार किया जाए, उन्हें शहीद विनोद चौबे सम्मान से अलंकृत किया जाता है। इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाती है। पुरस्कार के नियम छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित किये गये हैं, नियमों के अंतर्गत पात्रता रखने वाले आवेदकों को पुरस्कार के लिए प्रावीण्यता के आधार पर चयन किया जाएगा। साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त विजेताओं को प्रोत्साहन नियम के तहत नगद राशि पुरस्कार अलंकरण प्रदान किया जाता है।

# सायबर टीम ने समाधान अभियान चलाकर 305 नग मोबाइल किया रिकवर

■ गुम मोबाइल के मिलने की आस छोड़ बैठे लोगों ने मोबाइल वापस मिलने पर पुलिस को किया धन्यवाद ज्ञापित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 11 जून।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा जिले के विभिन्न थानों में विगत कुछ समय से दर्ज मोबाइल गुमने की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुये सायबर एवं सीसीटीएनएस की टेक्निकल टीम को समाधान अभियान चलाकर गुम हुए मोबाइलों को रिकवर करने हेतु निर्देशित किया। जिस पर सायबर सेल एवं सीसीटीएनएस की टीम ने विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न थानों में दर्ज गुम मोबाइल की रिपोर्ट पर कई दिनों के अथक प्रयास, लगन एवं मेहनत से खोजबीन करते हुए 305 नग गुम मोबाइलों को रिकवर करने में सफलता प्राप्त हुई है। रिकवर किये गये विभिन्न कंपनियों के मोबाइल की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 45,00,000 रूपये है। अभियान में पुलिस टीम द्वारा जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, कोरबा, महासमुंद, रायपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, सूरजपुर, खैरागढ़ आदि जिलों के





सांथ-सांथ दीगर राज्य उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश एवं बिहार से भी मोबाइल रिकवर किया गया।

पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक सिंह, उप पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार श्री तुलसी लेकाम एवं सुश्री अपूर्वा क्षत्रिय द्वारा समाधान कार्यक्रम के तहत पुलिस कम्युनिटी हॉल बलौदाबाजार में उक्त सभी मोबाइलों को उनके मालिकों के सुपूर्द किया गया। मोबाइल गुम होने पर उसके मिलने की आस खो चुके लोगों को उनका खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर उन सभी के द्वारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित कर प्रसन्नता व्यक्त किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने चर्चा करते हुए बताया कि पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर चलता रहेगा।

साथ ही उन्होंने आम जनता से

## समाचार संक्षेप

### बरसात में अभियान चलाकर 2 लाख पौधे लगाए जाएंगे



**बलौदाबाजार, 11 जून।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने आगामी बरसात के मौसम में वृहद वृक्षारोपण अभियान में 2 लाख पौधरोपण के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कहा कि जिले में हरित आवरण को बढ़ाने के लिए देने के लिए वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण करने वन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि ब्लॉक प्लांटेशन के तहत ग्राम पंचायतों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, सहकारी समितियों तथा मण्डी परिसर में वृक्षारोपण कराएं। इसके साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत भी वृक्षारोपण हेतु योजना बनाएं। कलेक्टर श्री सोनी ने बताया कि नेशनल मिशन फॉर इडिबल आयल पॉम अंतर्गत बलौदाबाजार -भाटापारा जिले का चयन हुआ है। इसके तहत जिले में लगभग 500 हेक्टेयर क्षेत्र में पॉम ट्री का रोपण का लक्ष्य है। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को उन्नत किसानों का चयन करने और अभियान की जानकारी देते हुए पॉम ट्री लगाने हेतु प्रोत्साहित करने कहा। इस अभियान के तहत पॉम ट्री लगाने वाले किसानो को बाई -बैक की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही फसल परिवर्तन चक्र में भी मददगार होगा।

### सीखने और प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच है समर कैंप:कलेक्टर

**बलौदाबाजार, 11 जून।** बलौदाबाजार स्पोर्ट्स एसोसिशन द्वारा आयोजित मल्टी एक्टिविटी समर कैम्प का समापन कार्यक्रम मंगलवार को इंडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर समर कैम्प के दौरान विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि समर कैम्प में छुट्टी का सदुपयोग तो होता ही है बल्कि यह बच्चों को सीखने और अपने हुनर को तराशने का मंच भी देता है। कैम्प में आयोजित होने वाले विभिन्न खेल एवं अन्य गतिविधियों में मेंटर की भूमिका महत्वपूर्ण होता है। मेंटर हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।



## एक नजर

### समाजसेवी अरुण छाबडा उत्कृष्ट कार्यो के लिए किए गए सम्मानित



**भाटापारा, 11 जून।** छत्तीसगढ़ सिख संगठन लेडिस विंग द्वारा सिखी स्वरूप एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 200 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया इसी कार्यक्रम में आयोजित कार्यक्रम द्वारा छत्तीसगढ़ सिख संगठन के संयोजक अरूण छाबड़ा बंटी समाज सेवी को मानव सेवा एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया है। गौरतलब है कि अरूण छाबड़ा बंटी को पूर्व में गोल्डन बूक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड एवं कई समाज सेवी संस्थाएं , मानद उपाधि डॉक्टरेट से भी सम्मानित किया जा चुका है। नगर सिख समाज के सम्मानित सदस्य बंटी छाबड़ा नगर में नारी सम्मान,समर कैंप,पर्यावरण, सामाजिक धार्मिक साहित्यिक शिक्षा खेल-कूद सांस्कृतिक सेवाओं में लगातार बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उनके सम्मानित होने पर हरपाल सिंह भांमरा, नितिन भंसाली, दलजीत चावला, लवली अरोरा, बलजीत सिंह चावला गुरु भेज सिंह बलजीत सिंह चावला, मनमीत सिंह, रंजीत अरोरा, गुरुचरण सिंह, गुरुभेज सिंह टोनी, नीकू सलूजा, सचिन मोनू सलूजा, लेडिस विंग की प्रदेश अध्यक्ष श्वेता अरोरा, रूमी सलूजा, तरण अरोरा, रूबी गांधी, गुरमीत छाबड़ा, गुरुनीश कौर , मनदीप कौर, आदि ने शुभकामनाएं दी है।

### डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए आंनलाइन आवेदन आज से

**बलौदाबाजार,11 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित तकनीकी शिक्षा संस्थाओं द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्क्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन कॉउसिलिग की सूचना जारी किया गया है जिसमें डिप्लोमा एवं डिप्लोमा इंजीनिरिंग लेटरल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन कॉउसिलिग की प्रक्रिया तीन चरणों मे निर्धारित किया गया है। प्रथम चरण की पंजीयन 11 जून से 15 जून 2025 तक, मेरिट सूची 17 जून, दावा आपत्ति के लिए 18 जून, सीट आबंटन 20 जून एवं प्रवेश 21 जून से 24 जून 2025 तक निर्धारित है। द्वितीय चरण हेतु पंजीयन 28 जून से 29 जून 2025 तक, मेरिट सूची जारी 1 जुलाई, दावा आपत्ति के लिए 2 जुलाई, सीट आबंटन 4 जुलाई एवं प्रवेश दिनांक 5 जुलाई से 8 जुलाई 2025 तक निर्धारित है। इसी तरह तृतीय चरण हेतु पंजीयन 10 जुलाई से 13 जुलाई 2025 तक, मेरिट सूची जारी 15 जुलाई, दावा आपत्ति के लिए 16 जुलाई, सीट आबंटन 18 जुलाई एवं प्रवेश दिनांक 19 जुलाई से 22 जुलाई 2025 तक निर्धारित किया गया है।

### 15 जून को होगी एडीईओ भर्ती परीक्षा,8 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल

**बलौदाबाजार, 11 जून।** व्यापमं ने सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) भर्ती के लिए 15 जून को परीक्षा रखी है। इसमें बलौदाबाजार जिले से करीब 8 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए जिलेभर में 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में केंद्राध्यक्षों और ऑब्जर्वरों की बैठक ली। उन्होंने परीक्षा को संवेदनशील मानते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी प्रोटोकॉल का सती से पालन हो। समय का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एडीईओ भर्ती परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक होगी। जिला प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और सुव्यवस्था के पुता इंतजाम किए हैं।

### संतु चक्रेस को मिला सपनों का आशियाना

# मुख्यमंत्री से पक्के मकान की चाबी पाकर भावुक हुए बुजुर्ग






**रायपुर, 11 जून।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण न सिर्फ जरूरतमंदों को पक्का मकान दे रही है, बल्कि उनके सपनों को भी नया ठौर और आत्म-सम्मान दे रही है। ऐसी ही एक कहानी है जशपुर जिले के कांसाबेल विकासखंड के ग्राम दोकड़ा निवासी 70 वर्षीय संतु चक्रेस की।

वर्षों तक कच्चे घर में कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताने वाले बुजुर्ग संतु चक्रेस आज बेहद प्रसन्न हैं क्योंकि उन्हें उनका पहला पक्का घर मिल गया है। खास बात यह रही कि इस घर की चाबी उन्हें मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के हाथों से मिली, जब वे हाल ही में जशपुर प्रवास पर थे। भावुक संतु चक्रेस ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि ÷उम्र के इस पड़ाव में जब चिंता से मुक्त होकर जीना चाहता है, तब यह पक्का मकान मेरे लिए भगवान का आशीर्वाद है। अब मुझे और मेरे परिवार को न तो बारिश से डर है और न ही जहरीले जीव-जंतुओं से। अब हमारा भी एक सुरक्षित और मजबूत आशियाना है।÷ संतु चक्रेस ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान स्वीकृत हुआ था, जो अब पूर्ण रूप से बनकर तैयार है। यह महज एक मकान नहीं, बल्कि उनके लिए आत्म-सम्मान, सुरक्षा और स्थायित्व का प्रतीक है।

वर्षों तक झोपड़ी जैसे घर में जीवन बिताने के बाद जब उन्हें अपना खुद का ठोस छत मिला, तो उनके चेहरे की खुशी देखने लायक थी।

# ग्राम बिटकुली में मारपीट करने वाले 6 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**करहीबाजार, 11 जून।** प्रार्थी भीषम यदु द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 07.06.2025 को ग्राम खपरी खार बोर बाड़ी से वह अपने चाचा शत्रुहन यदु के साथ अपनी मोटरसाइकिल से वापस घर आ रहा था। कि ग्राम बिटकुली के नहर पुलिया के पास पहुंचा था जहॉ सडक पर आरोपीगण बैठकर शराब पी रहे थे और गाली गलौच कर रहे थे। प्रार्थी अपनी मोटर सायकल को रोककर गाली देने से मना किया, तो उक्त सभी मिलकर तुम मना करने वाले कौन होते हो कहकर, सभी एक राय होकर, अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं चुड़ा से प्रार्थी के सांथ मारपीट किया गया। कि प्रार्थी कि रिपोर्ट पर आरोपीगण के विरूद्ध अपराध क्र. 595/2025 धारा 296, 115(2), 351(2), 118(1), 191(2) बी.एन.एस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन पर चौकी करहीबाजार पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल सभी 06 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा गुस्से में आकर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी के साथ अश्लील गाली गलौज कर, उसके साथ मारपीट करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में सभी 06 आरोपियों को आज दिनांक 09.06.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने पर जिला जेल बलौदाबाजार में निरूद्ध किया गया है।




# जिले के 4 निरीक्षक पदोन्नत होकर बने उप पुलिस अधीक्षक



■ निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे, रीना कुजूर, सी.तिर्की एवं गोपाल ध्रुर्वे पदोन्नत होकर बने उप पुलिस अधीक्षक

**बलौदाबाजार, 11 जून।** पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे, रीना कुजूर, सी.तिर्की एवं गोपाल ध्रुर्वे के उप पुलिस अधीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता द्वारा योगिताबाली खापर्डे, रीना कुजूर, सी.तिर्की एवं गोपाल ध्रुर्वे के कंधे पर तीन-स्टार लगाकर एवं कैप पहनाकर उप पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण कर सभी को शुभकामनाएं दी गई। वर्तमान में योगिताबाली खापर्डे थाना प्रभारी कसडोल, रीना कुजूर पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार, सी.तिर्की प्रभारी अजाक एवं गोपाल ध्रुर्वे थाना प्रभारी गिधपुरी में पदस्थ है। इस दौरान पदोन्नति कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक सिंह, श्री अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक अजय झा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, निरीक्षक प्रणाली वैद्य, स्टेनो मनीष चौबे उपस्थित थे।

### मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने वाले 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 11 जून।** प्रार्थी मुलेश्वर श्रीवास निवासी ग्राम कोसमंदी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आज दिनांक 09.06.2025 के सुबह 05ः00 बजे वह अपने घर के पास निकला था, कि तभी उसके पड़ोसी आरोपी सामने लगे पानी के पाइप जिससे पानी बह रहा था उसे बना रहे थे, जिसे प्रार्थी द्वारा अच्छे से बना लो ऐसा बोलने पर आरोपियों द्वारा आवेश में आकर प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे फवड़ा से प्रार्थी के ऊपर वार किया गया, इससे प्रार्थी के चेहरे, सीने, पीठ आदि में गंभीर चोंट आया है। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 193/2025 धारा 296,351(2), 109,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द पर विवेचना में लिया गया।

# मानसून के लिए बनी अनुकूल परिस्थितियां 14 से व्यापक वर्षा संभावित

■ चक्रिया चक्रवात और विक्षोभ के कारण होगी वर्षा

**रायपुर, 11 जून।** मौसम विभाग के अनुसार चक्रिय चक्रवात एवं पश्चिमी विक्षोभ के कारण राजधानी में दो इंच वर्षा हुई है। मानसून के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही है। जिसके कारण आगामी दो दिनों में 14 जून से अच्छी वर्षा

मौसम वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा के अनुसार एक सिस्टम बनने के कारण राजधानी में बीती रात वर्षा हुई है। यह वर्षा 49 एमएम रिकार्ड की गई है। इस तरह कुल दो इंच वर्षा हुई है। एक सिस्टम ओड़िसा से होकर चला गया है, जिसके कारण रायपुर में वर्षा हुई है। आगामी कुछ दिनों में हल्की वर्षा होगी लेकिन 14 जून के आसपास मानसून का वर्षा होना संभावित है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए 14 जून से अनुकूल परिस्थितियां बन रही है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश से पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी तक, उत्तर मध्य प्रदेश, दक्षिण छत्तीसगढ़, और मध्य उड़ीसा होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर उड़ीसा और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि हवा का एक शियर जोन 15 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ 65 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। प्रदेश में आज एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरत चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

### बर्तन दुकान में चोरी करने वाले 2 अपचारी बालक सहित 3 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 11 जून।** प्रार्थी तारा परसवानी निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 08.06.2025 को सुबह 9ः00 बजे अपने दुकान बर्तन बाजार को खोलने गया, जिसमें दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों द्वारा बताया गया की दुकान के पीछे तरफ का शटर एवं ताला टूटा हुआ है एवं दुकान अंदर रखे पीतल का बर्तन एवं अन्य सामान कीमती ?20,000 को कोई अज्ञात चोर द्वारा दिनांक 07-08.06.2025 की दरम्यानी रात चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 599/2025 धारा 305,331(4),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल तथा दुकान में चोरी करने वाले 02 अपचारी बालक सहित 03 आरोपियों को हिरासत में लिया गया।





## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)

Email - ID: ee-res.kondagaon@nic.in, Fa& & Ph. No.-07786-242243

**मैनुअल पद्धति वर्ष 2025-26 हेतु सूचना क्रमांक - 05 (प्रथम दौर)**

**निविदा आमंत्रण**

क्रमांक/05/व.ले.लि./नि.प्र./ ग्रा.यां. सेवा/ 2025 — कोण्डागांव, दिनांक 05/06/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है सभी कार्यो की निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 19.06.2025 शाम 5.00 बजे तक।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | आर.सी.सी. पुलिया निर्माण कार्य 2X6 मी. स्पान एन.एच. -30 से गुलबापारा मार्ग आंवरी, विकासखण्ड केशकाल | 41.020 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in दिनांक 09.06.2025 से देखी एवं डाऊनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव

G-252601425/4

पढ़ोगे तो आगे बढ़ोगे Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर जिला बस्तर

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

दुरभाष नम्बर-07782-222865 ई-मेल आईडी-eeresjagdalpur@gmail.com

क्रमांक/1679/ व.ले.लि./ ग्रायांसेवा/2025-26 — जगदलपुर, दिनांक 06/06/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल जोनल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | निविदा दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जनपद पंचायत, बकावण्ड, लोहण्डीगुड़ा, तोकापाल, बास्तानार एवं दरभा अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत भवन निर्माण कार्यों में आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण कार्य, | 40.00 लाख प्रत्येक हेतु | 19.06.2025 | द्वितीय आमंत्रण |
| 2 | विकास खण्ड तोकापाल, दरभा, एवं बकावण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनाओं के तहत रू. 25.00 लाख एवं इससे कम लागत के स्वीकृत होने वाले निर्माण कार्यो हेतु जोनल निविदा | 40.00 लाख प्रत्येक हेतु | 19.06.2025 | द्वितीय आमंत्रण |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों के निविदा सम्बधी शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत जोनल निविदा व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। आवश्यक जानकारी एवं निविदा दस्तावेज विभागीय वेब साइट http:// res.cg.gov.in से दिनांक 13.06.2025 के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है ।

(जे.के.गौर)
कार्यपालनअभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग, जगदलपुर

G-252601451/4

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (म/स) संभाग खैरागढ़

ज्ञाप क्रमांक 2732/व.ले.स./2025-26, — खैरागढ़, दिनांक 3/6/2025

**" रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण" (द्वितीय आमंत्रण)**

इस संभाग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में व्ही.आई.पी. आगमन पर एवं शासकीय कार्यक्रम के आयोजन हेतु होने वाले समारोह हेतु पंजीकृत फर्मो से किराया भण्डार सामाग्री के दर रूचि की अभिव्यक्ति पत्र रजिस्टर्ड ए.डी./स्पीड पोस्ट के द्वारा बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है, रूचि की अभिव्यक्ति पत्र की कीमत रु. 1,000.00 (एक हजार रूपये) विवरण निम्नानुसार है-

| | | |
|---|---|---|
| (01) | आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि दर प्रस्तुत करने की तिथि | 18.06.2025 |
| (02) | दर प्रस्तुत करने की तिथि | 23.06.2025 |
| (3) | दर खोलने की तिथि | 24.06.2025 |

अभिव्यक्ति आमंत्रण प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार दस्तावेज /प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। आवश्यक अर्हताएंः-

1 टेन्ट हाउस प्रतिष्ठान के मालिकाना तथा लाइसेंस की प्रति होना चाहिएँ।
2 जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति।
3 टेन्ट हाउस प्रतिष्ठान का विगत 03 वर्षों में, टेन्ट हाउस कार्यक्रम संपादन औसत वार्षिक टर्न ओवर कम से कम रू. 50.00 लाख होना आवश्यक है। तत्संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4 विगत 03 वर्षों में छ.ग. राज्य में संपादित महत्वपूर्ण कम से कम 03 व्ही.आई.पी. कार्यक्रम संपादित किए जाने जिसमें प्रति कार्य की लागत कम से कम 30.00 लाख होने का अनुभव प्रमाण-पत्र जो कार्यपालन अभियंता / समकक्ष अथवा उच्च अधिकारी से हस्ताक्षरित हो।

**टीपः-** विस्तृत शर्तें किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।

कार्यपाल अभियंता
लो.नि.वि. संभाग, खैरागढ़

G-252601480/5

## एक नजर

### महापौर और निगम आयुक्त ने शहर के कई इलाकों का किया निरीक्षण

**रायपुर, 11 जून।** प्रदेश की राजधानी रायपुर में निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधि आज निरीक्षण पर निकले . इस दौरान उन्होंने शहर के गार्डन, सड़क, लाइब्रेरी और चौपाटी का निरीक्षण किया. इनमें विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त श्रीविश्वदीप सुमित निगम के अधिकारी निकल भी इसमें शामिल रहे. ये निरीक्षण रायपुर के अनुपम गार्डन से शुरू हुआ. जहां पर अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं. जानकारी के मुताबिक इस दौरान विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने किया शहर के कई जगहों का निरीक्षण किया है. उन्होंने राजकुमार कॉलेज से लेकर यूनिवर्सिटी गेट तक चौड़ीकरण, सौंदरीयकरण, चौपाटी, लाइब्रेरी समेत कई कार्ययोजना का निरीक्षण किया. साथ ही पानी निकासी, सफाई, सड़क किनारे लगे ठेले और अस्थाई दुकानों का भी निरीक्षण किया है. वहीं अधिकारियों को दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश पर विधायक राजेश मूणत ने कहा कि, शहर को सुविधाजनक और आधुनिक बनाना हमारा उद्देश्य है. शहर को व्यवस्थित बनाने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है.

### चारपहिया वाहन में अवैध रूप से शराब का परिवहन करते दो लोग गिरफ्तार

**रायपुर, 11 जून।** रायपुर जिले के गोबरानवापारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहे दो आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा है। यह कार्रवाई एण्टी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा गोबरानवापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। सूचना के आधार पर ग्राम कुर्रा के सोनेसिल्ली रोड स्थित एक राइस मिल के पास चारपहिया वाहन को रोका गया, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम मनोज टंडन एवं लिखेन्द्र सोनवानी, निवासी अभनपुर रायपुर बताया। पुलिस द्वारा की गई तलाशी में वाहन की डिक्की से 144 पौवा देशी शराब बरामद की गई, जिसे आरोपी अवैध रूप से परिवहन कर रहे थे। शराब से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### भाठागांव-दतरेंगा मार्ग में हो रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ निगम ने की कार्रवाई

**रायपुर, 11 जून।** रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन क्रमांक अंतर्गत भाटागांव दत्तरेंगा मार्ग मे लगभग 4 एकड़ भूमि मे चल रही अवैध प्लॉटिंग मे बॉउंड्रीवाल हटाया जाकर एवं मार्ग बाधित कर कार्यवाही की गयी और जोन 6 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव के नेतृत्व और कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में अवैध प्लाटिंग पर स्थल पर तत्काल कारगर रोक लगायी गयी. इसके साथ ही नगर निगम जोन 6 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा भाटागांव आँछी तालाब, पुराना राजेंद्र नगर जनता कॉलोनी सर्विस रोड नाला के ऊपर एवं टैगोर नगर देवी लक्ष्मी हॉस्पिटल के पास अवैध ठेले, गुमटी हटाए जाने क़ी कार्यवाही की गई।

### शराब दुकान के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 11 जून।** भाठागांव शराब दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोनू जंघेल 30 वर्ष कबीर चौक अमलेश्वर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएच 8517 से भाठागांव शराब दुकान गया था, जहां शराब खरीदने के दौरान अज्ञात चोर ने उसकी बाइक पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### सूने मकान से नकद 25 हजार पार

**रायपुर, 11 जून।** हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 25 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विकाश राठौर 38 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 25 हजार रुपए पार कर दिया। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## आंधी-बारिश से खुली बिजली विभाग की पोल

# घंटों अंधेरे में डूबा रहा राजधानी का पॉश इलाका बिजली विभाग के कर्मचारी रहे नदारद,लोग नाराज

■ **लोगों को करना पड़ा परेशानी का सामना**



**रायपुर, 11 जून।** राजधानी में मंगलवार शाम को हुई कुछ देर की बारिश ने बिजली विभाग की तैयारियों की पोल खोल दी. आंधी और बारिश के चलते शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई. रायपुर के पॉश इलाके शंकर नगर में पांच घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रही, जिससे पूरा इलाका अंधेरे में डूबा रहा. बिजली बंद होने से नाराज़ लोगों की भीड़ देर रात बिजली कार्यालय पहुंच गई. इस दौरान लोगों ने हंगामा करते हुए विभाग को चेतावनी दी कि अगर एक घंटे के भीतर बिजली बहाल नहीं हुई तो वे चक्काजाम करेंगे. हालात बिगड़ते देख कर्मचारी दफ्तर छोड़कर निकल गए.

स्थिति को संभालने के लिए बिजली कार्यालय में पुलिस बल तैनात करना पड़ा.बता दें कि मंगलवार को शाम पांच बजे से शंकर नगर, गीतांजलि नगर, गायत्री नगर, क्रिस्टल अर्केड समेत अन्य क्षेत्रों में बिजली नहीं थी. इससे लोगों में भारी आक्रोश फैल गया था. बिजली कार्यालय के हेल्पलाइन सेंटर में करीब दो सौ से ज़्यादा शिकायतें दर्ज की गई थीं. इसके बावजूद बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी थी.

# कहां छुपे बैठे हैं तोमर बंधु... पुलिस ने देर रात मददगारों के ठिकानों पर मारा छापा

■ **जब्त किया आपत्तिजनक सामान का जखीरा**

**रायपुर, 11 जून।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से फरार हिस्ट्रीशीटर बदमाश रोहित तोमर और वीरेन्द्र तोमर की तलाश में पुलिस ने देर रात उनके दो करीबी मददगारो के घर दबिश कार्रवाही की। मिली जानकारी के मुताबिक हनुमान वाटिका में ऋषभ सिंह और वॉलफोर्ट सोसाइटी स्थित क्र66 नंबर की कोठी पर दबिश कार्रवाई की है, जो रविन्द्र सिंह की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक हनुमान वाटिका में रहने वाले ऋषभ सिंह तोमर बंधुओ के बेहद करीबी और अहम मददगार बताये जा रहे है। तेलीबांधा और पुरानी बस्ती समेत क्राइम ब्रांच और बडी संख्या में महिला-पुरूष बल मौके पर पहुंचा और सुबह तक रेड की कार्रवाई की। पुलिस की टीम को छापेमार कार्रवाई में सोने चांदी के जेवरात, नगदी और कई आपत्तिजनक सामग्री समेत तोमर बंधुओं से जुड़े प्रॉपर्टी दस्तावेजों समेत कई आपत्तिजनक सामग्री का जखीरा मिला है। आपको बता दे कि, पिछले दिनो पुलिस ने कोर्ट से सर्च वारंट लेकर दोनो तोमर बंधुओ के भाठागांव साईंविला स्थित आलीशान मकान पर तलाशी अभियान चलाया था.इस दौरान 37 लाख रुपए नगदी, अवैध हथियार, अवैध तलवारों का जखीरा, अवैध पिस्टल और रिवाल्वर समेत बडी संख्या में जमीनों के दस्तावेज और कोरे स्टाम्प समेत कई अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए थे।

#### फरार है दोनों तोमर बंधु

इसके अलावा पुलिस ने तोमर बंधुओ के घर से कई बेनामी संपतियों के दस्तावेज समेत नगदी मिलने पर आयकर विभाग को और राजस्व संबंधी जानकारी के लिए नगर निगम को पत्र भेजा है। जिसके क्रम में आने वाले दिनो में दोनो विभाग भी तोमर बंधुओ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर सकते हैं। पुलिस के अधिकारियों की माने तो आज शाम तक पुरे मामले का पुलिस खुलासा कर सकती है। फिलहाल दोनो तोमर बंधु पुलिस गिरफ्त से फरार है।

### दुकानों में पॉलीथिन मिलने पर तत्काल जब्त कर 5500 रुपये जुर्माना किया

**रायपुर, 11 जून।** नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 5 में पॉलीथिन सम्बंधित जनशिकायत मिलने पर इसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर जोन 5 जोन कमिश्नर श्री खीरसागर नायक के नेतृत्व और जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री सन्दीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक सर्वश्री दिलीप साहू, प्रेम मानिकपुरी, गिरिजा शंकर सहित महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं स्वच्छता दीदियों की उपस्थिति में प्राप्त जनशिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने जोन 5 क्षेत्र अंतर्गत आरडीतिवारी स्कूल के समीप की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया.

# उत्तराधिकार को लेकर हाईकोर्ट का फैसला

**दत्तक पिता नहीं बन सकता संपत्ति का उत्तराधिकारी, सिर्फ नॉमिनी होना काफी नहीं**

**बिलासपुर, 11 जून।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने उत्तराधिकार से संबंधित एक याचिका की सुनवाई करते हुए मामले में बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय दिया है। निर्णय में कहा है कि दत्तक पिता अविवाहित पुत्री की बीमा, बैंक राशि या संपत्ति का उत्तराधिकारी नहीं हो सकता। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की एकलपीठ ने यह टिप्पणी रायगढ़ जिले के एक मामले की सुनवाई के दौरान की। जानकारी के अनुसार, यह मामला खितिभूषण पटेल द्वारा दायर अपील से जुड़ा था। खितिभूषण ने अपनी भतीजी कुमारी ज्योति पटेल को दत्तक पुत्री के रूप में लिया था। ज्योति के पिता पंचराम पटेल, जो कि पुलिस विभाग में कांस्टेबल थे और उनका निधन 1999 में हो गया था। माता फूलकुमारी उनके बचपन में ही ससुराल छोड़ गई थीं। पिता की मृत्यु के बाद ज्योति दादा के संरक्षण में रही। बाद में खितिभूषण पटेल ने ज्योति को विधिवत गोद लिया और उसकी शिक्षा, पालन-पोषण की जिम्मेदारी उठाई। ज्योति को अनुकंपा नियुक्ति भी मिली, लेकिन 17 सितंबर 2014 को अविवाहित अवस्था में उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के बाद दत्तक पिता ने उसके बीमा, बैंक खाता और जमा राशि प्राप्त करने सिविल कोर्ट में उत्तराधिकार वाद प्रस्तुत किया, जो खारिज कर दिया गया।

# छत्तीसगढ़ बोर्ड की दूसरी मुख्य परीक्षा 8 जुलाई से



**रायपुर, 11 जून।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की दूसरी मुख्य परीक्षा 8 जुलाई से आयोजित की जाएगी. 12वीं की परीक्षा 8 जुलाई और 10वीं की परीक्षा 9 जुलाई प्रारंभ होगी. गत वर्ष से पूरक परीक्षा के बजाय माशिमं द्वारा दूसरी बार बोर्ड परीक्षा आयोजित की जा रही है. इन दिनों पहली परीक्षा के बाद पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया चल रही है. इस बीच दूसरी परीक्षा के लिए फॉर्म भी भरे जा रहे हैं. सामान्य शुल्क के साथ फॉर्म भरने की अंतिम तिथि खत्म हो चुकी है. अब विलंब शुल्क के साथ 20 जून तक तथा विशेष विलंब शुल्क के साथ 21 से 30 जून तक फॉर्म भरे जा सकते हैं.

परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित होगी. माशिमं ने दूसरी मुख्य परीक्षा की समय सारणी आज जारी कर दी. कक्षा 12वीं की परीक्षा 8 जुलाई से प्रारंभ होकर 22 जुलाई तक चलेगी. वहीं 10वीं की परीक्षा 9 जुलाई से 21 जुलाई तक आयोजित की जाएगी. इस परीक्षा में पहली परीक्षा में अनुत्तीर्ण के अलावा पूरक तथा कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी श्रेणी सुधार के लिए सम्मिलित हो सकेंगे. पिछले साल बड़ी संख्या में प्रथम श्रेणी में आए विद्यार्थियों ने भी दूसरी परीक्षा दी थी.

### बारिश को लेकर मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**रायपुर, 11 जून।** छत्तीसगढ़ में अब गर्मी से राहत के आसार है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में आज बारिश की संभावना जताई है। मंगलवार देर शाम भी कई जिलों में तेज बारिश का सिलसिला जारी रहा और बुधवार यानी 11 जून को भी प्रदेश के कई स्थानों में बारिश के आसार हैं जिसे लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। बीती रात राजधानी रायपुर समेत पूरे प्रदेश भर में गरज चमक के साथ तेज बारिश दर्ज की गई जिसकी वजह से तापमान में गिरावट भी देखने को मिली। आज भी रायपुर में बादल छाए रहेंगे और शाम के समय में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी छत्तीसगढ़ के आसपास के क्षेत्रों में एक चक्रवात बना हुआ है जिसके प्रभाव से प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश की संभावना है। बारिश के साथ ही बिजली गिरने और तेज हवा चलने के आसार हैं। मौसम विभाग ने सुकमा, बीजापुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर में आंधी तूफान के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। इन स्थानों के लिए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। शेष स्थानों पर भी बादल छाने और हल्की बारिश के आसार हैं।

# प्रसूता की मौत पर परिजनों ने अस्पताल में मचाया हंगामा

## डॉक्टर की अनुपस्थिति में वार्ड ब्वॉय ने लगाया इंजेक्शन



रायपुर। बिरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी के बाद 12 घंटे बाद दर्द से कराहती प्रसूता की मौत हो गई. अपनी बेटी को ठीक से देख नहीं पाई प्रसूता की मौत के लिए ड्यूटी से नदारत डॉक्टर के साथ वार्ड ब्वॉय को जिम्मेदार बताते हुए परिजनों ने अस्पताल के साथ थाने में जाकर हंगामा मचाया. जानकारी के अनुसार, बिरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के 12 घंटे बाद रात दो बजे वार्ड ब्वॉय के इंजेक्शन लगाने और पानी पिलाने के बाद प्रसूता साक्षी निषाद की मौत हुई. रात के समय अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था. परिजनों ने बताया कि 22 वर्षीय साक्षी निषाद डिलीवरी के बाद से लगातार दर्द की शिकायत कर रही थी. बार-बार बोलने के बाद भी वार्ड ब्वॉय डॉक्टर को नहीं बुला रहा था, आखिरकार दर्द से कराहते हुए प्रसूता की मौत हो गई. मृतिका के पति दीपक निषाद ने रायपुर मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी और खमतराई थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी पत्नी की मौत का जिम्मेदार हॉस्पिटल प्रबंधन और तैनात कर्मचारियों को ठहराते हुए कार्रवाई करने की माँग की है.

दीपक निषाद ने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती पत्नी को प्रसूति के लिए भर्ती कराया. दोपहर लगभग 2 बजे मुझे लड़की हुई, उसके बाद रात को 2 बजे मेरी पत्नी की तबीयत बिगड़ने लगी. इस दौरान उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को लगातार बताया, लेकिन बार-बार स्वास्थ्य कर्मचारियों परेशान नहीं करने की बात करने की कहते रहे. इधर पत्नी की तबीयत बिगड़ रही थी, उधर रात में ड्यूटी करने वाले डॉक्टर भी गायब थे. तबीयत बिगड़ते देख स्वास्थ्य कर्मचारी ने इंजेक्शन लगाया गया, जिसके पाँच मिनट बाद मेरी पत्नी की साँस फूलने लगी और आँख बंद हो गई. लगातार प्रयास के बाद उच्चाधिकारियों से बात हुई तो मेकाहारा हॉस्पिटल रेफ़र किया गया, जहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

## समाचार संक्षेप

### खराब चावल की जांच के लिए पहुंची टीम, 2 दुकानों की 1600 बोरियों में मिले कीड़े



**गरियाबंद, 11 जून।** छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउस कार्पोरेशन की टीम जांच के लिए नवापारा ब्रांच पहुंची। चेयरमैन चंदूलाल साहू भी साथ थे। उन्होंने निरीक्षण में पाया कि ब्रांच के स्टॉक में उपलब्ध चावल की गुणवत्ता खराब है। शहर के वार्ड नंबर 2 में 2 सरकारी राशन दुकानों से खराब चावल की सप्लाई की गई थी। यहां तकरीबन 1600 बोरियों में कीड़े लग चुके थे। इनसे बदबू आ रही थी। इसे ही लोगों में बांट दिया गया। खबर पर संज्ञान लेते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउस कार्पोरेशन की टीम जांच के लिए नवापारा ब्रांच पहुंची। चेयरमैन चंदूलाल साहू भी साथ थे। उन्होंने निरीक्षण में पाया कि ब्रांच के स्टॉक में उपलब्ध चावल की गुणवत्ता खराब है। इन्हें अच्छी तरह संभालकर भी नहीं रखा गया था। साहू इस पर काफी नाराज हुए। अफसरों को चेतावनी देते हुए स्टॉक में चावल सही तरीके से रखने कहा। कीड़े लगने जैसी कोई लापरवाही फिर सामने न आने की बात कही।

### पीएम मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया में अशोभनीय टिप्पणी करने वाले पूर्व डिप्टी मेयर की जमानत खारिज

**रायपुर, 11 जून।** सोशल मीडिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने वाले पूर्व डिप्टी मेयर बृजमोहन सिंह की जमानत आवेदन को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा है कि आवेदनकर्ता जो कि स्वयं पूर्व में डिप्टी मेयर के रुप में पदस्थ रहा है उसके द्वारा देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध जिस तरह की अश्लील, अमर्यादित कमेंट सोशल मीडिया में किया गया वह आवेदक/ अभियुक्त की दूषित मानसिकता को दर्शाता है। प्रकरण जांच स्तर पर है। वर्तमान में सोशल मीडिया पर बढ़ रही इस तरह की वारदातों को दृष्टिगत रखते हुए आवेदक/आरोपी को जमानत का लाभ दिया जाना उचित प्रतीत नहीं होता है।

### रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी का क्लर्क 30 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**रायपुर, 11 जून।** रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के क्लर्क को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने पेंशन प्रकरण के जल्द निपटारे के एवज में रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, रविशंकर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक विभाग में कार्यरत क्लर्क दीपक वर्मा ने एक सेवानिवृत्त क्लर्क से उनके पेंशन संबंधी मामले के निपटारे के लिए 50 हजार रूपये की रिश्वत की मांग की थी। सेवानिवृत्त क्लर्क द्वारा इस मामले की शिकायत एसीबी से की गई। शिकायत की पुष्टि होने के बाद, एसीबी रायपुर की टीम ने एक रणनीति बनाई और क्लर्क दीपक वर्मा को 30 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए मौके पर ही दबोच लिया। एसीबी की इस त्वरित कार्रवाई से विश्वविद्यालय में हड़कंप मच गया है।




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26